वर्ष : 16 | अंक : 283 | मूल्य : 02 रूपया मात्र | पृष्ठ : 08 | RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक

# लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 05 फरवरी 2025

## समाचार

### कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता वीरा ने दो शावकों को जन्म दिया

नूना न्यूज एजेंसी।

भोपाल। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में मादा चीता वीरा ने दो शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यह जानकारी दी। इन शावकों के जन्म के साथ ही उद्यान में अब चीतों की संख्या 26 हो गयी है, जिनमें 14 शावक शामिल हैं। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मध्यप्रदेश की जंगल बुक में दो चीता शावक शामिल हुए हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य में चीतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आज मादा चीता वीरा ने दो शावकों को जन्म दिया है। उन्होंने चीता परियोजना में शामिल अधिकारियों, चिकित्सकों और कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके (अधिकारियों, चिकित्सकों और कर्मियों से) अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश को चीतों की भूमि के रूप में भी जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में चीतों की संख्या में वृद्धि के साथ ही राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है और रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं। उन्होंने कहा, हम चीतों के साथ-साथ सभी वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन और पुनरुद्धार के लिए हमेशा तत्पर हैं।

### शशि थरूर को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत, मानहानि का मामला खारिज

दिल्ली। की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खारिज कर दिया। यह मामला भारतीय जनता पार्टी नेता राजीव चंद्रशेखर द्वारा दायर मानहानि याचिका से संबंधित है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने शशि थरूर को तलब करने से इनकार करते हुए कहा कि प्रथम द्दष्टया शिकायत में मानहानि का कोई तत्व नहीं बताया गया है। राजीव चन्द्रशेखर ने अपनी याचिका में शशि थरूर को कोई भी अपमानजनक बयान देने से रोकने, सार्वजनिक माफी मांगने और कथित तौर पर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए 10 करोड़ रुपये का हजार्ना देने की मांग की। चंद्रशेखर ने दावा किया कि थरूर ने अप्रैल 2024 में उनके खिलाफ विभिन्न सार्वजनिक मंचों पर झूठे और अपमानजनक बयान दिए, जिससे उनकी पेशेवर और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचा। चंद्रशेखर के अनुसार, थरूर ने एक टेलीविजन चैनल के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कथित बयान दिया था, जहां उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि भाजपा नेता ने 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं को पैसे की पेशकश की थी। चन्द्रशेखर ने कहा कि थरूर ने उनकी प्रतिष्ठा को कम करने और पिछले आम चुनावों के नतीजों को प्रभावित करने के इरादे से आरोप लगाए, जबकि यह अच्छी तरह से जानते थे कि बयान झूठे थे।

# हमने 25 करोड़ को गरीबी से बाहर निकाला

## 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए : संसद में पीएम मोदी




नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र का आज चौथा दिन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण से जुड़े धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे हैं. पीएम मोदी ने कांग्रेस पर डबल अटैक किया है. उन्होंने कहा कि देश के एक प्रधानमंत्री हुआ करते थे. उनके मिस्टिर क्लिन कहने का फैशन हो गया था. उन्होंने एक समस्या को पहचाना. उन्होंने कहा था कि दिल्ली से एक रुपए निकलता है. तो गांवों में 15 पैसे पहुंचता है. उस समय तो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक एक ही पार्टी का राज था. उस समय उन्होंने पब्लिक में कहा था ये. बहुत गजब की हाथ सफाई थी. देश ने हमे अवसर दिया. हमने समाधान खोजने की कोशिश की। हमारा मॉडल है बचत भी। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश के एक प्रधानमंत्री हुआ करते थे. उनके मिस्टिर क्लिन कहने का फैशन हो गया था. उन्होंने एक समस्या को पहचाना. उन्होंने कहा था कि दिल्ली से एक रुपए निकलता है. तो गांवों में 15 पैसे पहुंचता है. उस समय तो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक एक ही पार्टी का राज था. उस समय उन्होंने पब्लिक में कहा था ये. बहुत गजब की हाथ सफाई थी. देश ने हमे अवसर दिया. हमने समाधान खोजने की कोशिश की। हमारा मॉडल है बचत भी। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग गरीबों की झोपड़ियों में अपना फोटो सेशन कराकर अपना मनोरंजन करते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि अब तक गरीबों को 4 करोड़ घर दिए जा चुके हैं, जिन्होंने कठिन जीवन जिया है, वे ही समझते हैं कि घर पाने की कीमत क्या होती है. पहले महिलाओं को बहुत कष्ट सहना पड़ता था. शौचालय व्यवस्था की कमी के कारण, जिनके पास ये सुविधाएं हैं वे "उन लोगों की समस्याओं को नहीं समझ सकते. हमने 12 करोड़ से अधिक शौचालय दिए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम 2025 में हैं. एक तरह से 21वीं सदी का 25% हिस्सा बीत चुका है. 20वीं सदी में आजादी के बाद और 21वीं सदी के पहले 25 सालों में क्या हुआ, ये तो समय ही तय करेगा. लेकिन अगर हम राष्ट्रपति के अभिभाषण का सूक्ष्मता से अध्ययन करें तो स्पष्ट है कि उन्होंने आने वाले 25 वर्षों को लेकर लोगों में विश्वास कायम करने की बात कही है और उनका अभिभाषण विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करता है, नया आत्मविश्वास पैदा करता है आम लोगों को प्रेरित करता है। लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि हमने गरीब को झूठे वादे नारे नहीं. हमने सच्चे विकास दिया है. गरीब का दुख, आम आदमी की तकलीफ, मीडिल क्लास के सपने ऐसे ही नहीं समझे जाते हैं. इसके लिए जज्बा चाहिए. मुझे दुख के साथ कहना है कुछ लोगों में यह है ही नहीं. बारिश के दिनों में कच्छी छत, उसकी प्लास्टिक की चादर वाली छत, उससे नीचे जीवन गुजारना कितना मुश्किल होता है. पल पल सपने रौंद दिए जाते हैं, ऐसे पल होते हैं. यह हर कोई नहीं समझ सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि पांच-पांच दशक तक गरीबी हटाओ के नारे सुने हों. लेकिन अब गरीबी को हराकर बाहर निकले हों, वह ऐसा ही नहीं होता है. जब गरीबों के लिए जीवन खपाते हैं तब यह होता है. जब जमीन से जुड़े लोग, जमीन की सच्चाई को जानते हुए, जमीन पर जीवन खपाते हैं, तब जमीन पर बदलाव निश्चित होकर रहता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति जी का संबोधन विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला, नया विश्वास पैदा करने वाला और जन सामान्य को प्रेरित करने वाला है।

## इंदौर के दो बड़े स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, खाली करवाया गया कैंपस

नूना न्यूज एजेंसी।



इंदौर। एक चौंकाने वाली घटना में, दो निजी स्कूलों को मंगलवार को बम की धमकी मिली जिसके बाद छात्रों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। रिपोर्ट से पता चलता है कि धमकी ईमेल के जरिए मिली थी। इंदौर में बम की धमकी मिलने के बाद दो स्कूल आईपीएस और एनडीपीएस को बंद कर दिया गया है और स्कूल परिसर को खाली करा लिया गया है। स्कूल को बम की धमकी भरा मेल मिलने के बाद बम निरोधक दस्ते और पुलिस ने इंदौर के न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल में चेकिंग की। डीसीपी जोन 1 विनोद कुमार मीना ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि आईपीएस कॉलेज और न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल को मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हमने छात्रों को बाहर निकाला और दोनों जगहों (आईपीएस कॉलेज और न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल) में चेकिंग की। चेकिंग के दौरान हमें कुछ नहीं मिला। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। ईमेल की धमकी के बाद दोनों स्कूलों को बंद कर दिया गया है और छात्रों और कर्मचारियों को बाहर निकाल लिया गया है, जबकि बम दस्ते मौके की तलाशी ले रहे हैं। इस घटना से पहले इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र में स्थित एक आईआईटी संस्थान को एक ईमेल मिला था जिसमें संस्थान को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. दूसरी धमकी इंदौर एयरपोर्ट को उड़ाने की भी थी।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### दिल्ली के जनादेश की गूंज बहुत दूर तक सुनाई देगी

देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा की सभी 70 सीटों पर 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। बुधवार, 5 फरवरी को दिल्ली के डेढ़ करोड़ से ज्यादा मतदाता, अपने-अपने वोट के जरिए दिल्ली की अगली सरकार को चुनेंगे। यह फैसला करेंगे कि वह दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री किस राजनीतिक दल से बनाने जा रहा है। दिल्ली के मतदाताओं ने किसे जनादेश दिया है,यह खुलासा तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही हो पाएगा। लेकिन एक बात बिल्कुल साफ है कि देश की राजधानी दिल्ली से निकले जनादेश की गूंज बहुत दूर तक सुनाई देगी। कहने को तो, यह भी कहा जा सकता है कि दिल्ली एक पूर्ण राज्य भी नहीं है और केवल 70 विधायकों वाली विधानसभा का असर राष्ट्रीय राजनीति पर भला कैसे पड़ सकता है लेकिन यह तर्क अपने आप में पूरी तरह से गलत और बेमानी है। दिल्ली में वैसे तो मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी बनाम भारतीय जनता पार्टी का ही माना जा रहा है। लेकिन अपने राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस ने कई विधानसभा सीटों पर चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है। इंडिया गठबंधन के बिखरने की आशंका से डरे हुए कांग्रेस आलाकमान ने चुनाव प्रचार अभियान के शुरूआती दौर में थोड़ी हिचक जरूर दिखाई। लेकिन बाद में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से लेकर कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने जिस अंदाज में चुनावी रैलियां की, रोड शो किए,उसने दिल्ली की चुनावी लड़ाई को काफी दिलचस्प बना दिया है। दिल्ली में एक तरफ आम आदमी पार्टी है, जो वर्ष 2013, 2015 और 2020 के बाद अब वर्ष 2025 में लगातार चौथी बार दिल्ली में सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ रही है। यह चुनाव आम आदमी पार्टी से ज्यादा उनके नेता अरविंद केजरीवाल के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। क्योंकि दिल्ली की हार अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर देगा और पार्टी के अंदर भी कई तरह के सवाल उठने लगेंगे।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# इन सीटों पर कांटे की टक्कर

## त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे दिग्गज

### ››› सोमनाथ भारती बनाम सतीश उपाध्याय बनाम जीतेंद्र कुमार कोचर

मालवीय नगर एक महत्वपूर्ण युद्ध का मैदान बना हुआ है, जहां आप के दिग्गज सोमनाथ भारती अपने तीन कार्यकाल के प्रभुत्व को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सतीश उपाध्याय और कांग्रेस के जीतेंद्र कुमार कोचर से है, जिस पर करीबी नजर रहेगी।



नूना न्यूज एजेंसी।

दिल्ली। में 2025 विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। दिल्ली में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच है। 70 विधानसभा सीटों के लिए कुल 699 उम्मीदवार मैदान में हैं, वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। पिछले साल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद आप नेता अरविंद केजरीवाल के दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद यह पहला चुनाव है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप अपनी कल्याणकारी योजनाओं के दम पर लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर, भाजपा 25 वर्षों से अधिक समय के बाद राजधानी में फिर से सरकार बनाने का प्रयास कर रही है। दिल्ली में 2013 तक 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस पिछले दो विधानसभा चुनाव में एक भी सीट जीतने में विफल रहने के बाद वापसी की कोशिश कर रही है। प्रतिष्ठा की लड़ाई की तरह दिख रहे अरविंद केजरीवाल अपने गढ़ नई दिल्ली में लगातार चौथी जीत पर नजर गड़ाए हुए हैं। आप प्रमुख, जिन्होंने 2013 से निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है, को भाजपा के परवेश सिंह वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित-दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। 2020 में केजरीवाल इस सीट से 21,687 वोटों से जीते। पटपड़गंज निर्वाचन क्षेत्र आप का गढ़ रहा है क्योंकि पिछले तीन चुनावों में पार्टी के दिग्गज नेता मनीष सिसोदिया ने यहां जीत हासिल की थी। हालाँकि, इस बार सिसौदिया के जंगपुरा से चुनाव लड़ने के कारण, पार्टी ने शिक्षक से नेता बने अवध ओझा को अपना उम्मीदवार बनाया है। ओझा का मुकाबला बीजेपी के रविंदर सिंह नेगी और कांग्रेस उम्मीदवार अनिल चौधरी से है। आम आदमी पार्टी द्वारा पटपड़गंज को अपना गढ़ बनाने से पहले 1998 से 2013 तक यहां कांग्रेस का दबदबा था। रोहिणी में, भाजपा ने आप के प्रदीप मित्तल के खिलाफ दो बार के विजेता विजेंदर गुप्ता को मैदान में उतारा है। 2020 के दिल्ली चुनावों में, रोहिणी सीट गुप्ता ने 12,000 वोटों के अंतर से जीती थी जो एक बार फिर मैदान में हैं। 2020 में गुप्ता की जीत का अंतर 12,000 वोटों का था, लेकिन उन्हें अअढ के प्रदीप मित्तल से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। जहां भाजपा गुप्ता के अनुभव का लाभ उठाने की उम्मीद कर रही है, वहीं आप अपनी कल्याणकारी पहलों और घर-घर अभियानों से मतदाताओं को लुभाकर अंतर कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ केस दर्ज



### ›› आतिशी ने दी ये सफाई

दिल्ली पुलिस द्वारा दायर मामले पर मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया पर कहा, 'राकेश बिधूड़ी के परिवार के सदस्य खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं, लेकिन उन पर कोई एक्शन नहीं हो रहा है. मैंने शिकायत करके पुलिस और चुनाव आयोग को बुलाया, लेकिन इन्होंने मेरे ऊपर केस दर्ज कर दिया! राजीव कुमार जीः आप चुनावी प्रक्रिया कि कितनी धज्जियां उड़ायेंगे।

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। दिल्ली में कल विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग हैं और आज मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 188 के मामले में केस दर्ज हो गया है. आतिशी और उसके समर्थकों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है. वीडियो में आतिशी का समर्थक सागर मेहता, एक पुलिस वाले को थप्पड़ मारता हुआ नजर आ रहा है. हालांकि, आतिशी का कहना है कि उन्होंने ही पुलिस को बुलाया था और उन्हीं पर केस दर्ज कर लिया गया है।

दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव हैं। चुनाव के परिणाम 8 फरवरी को आएंगे. आम आदमी पार्टी के सामने इस बार बीजेपी के साथ-साथ कांग्रेस भी कड़ी चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में दिल्ली चुनाव त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। हालांकि, आम आदमी पार्टी का दावा है कि इस बार भी वह दिल्ली में सरकार बनाएंगे. वहीं, बीजेपी का कहना है कि दिल्ली की जनता इस बार आप के झूठे भुलावों में नहीं आएगी।

### ›› वीडियो बना रहा था पुलिसवाला

पुलिस ने जिस वीडियो के आधार पर आतिशी और उनके समर्थक पर केस दर्ज किया है, उसमें दिखाई दे रहा है कि पुलिस वाला वीडियो बना रहा है. वह पीछे से वीडियो बनाता नजर आ रहा है। गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई। आतिशी यहां अपने समर्थकों के साथ पहुंची हुई थीं, तभी आतिशी के साथ रहने वाले दो समर्थकों में से एक सागर ने वीडियो बना रहे पुलिसवाले की ओर हाथ उठाया, जिससे मोबाइल नीचे गिर गया. इससे पहले सागर के साथ खड़ा एक शख्स ये भी कहता हुआ सुना गया।

### ›› पुलिस का क्या है आरोप

पुलिस का आरोप है कि चुनाव आचार संहिता चल रहा है, चुनाव प्रचार खत्म हो गया था. लेकिन इसके बावजूद आतिशी अपने 40-50 समर्थकों के साथ कालकाजी इलाके में घूम रहीं थीं. कालकाजी इलाके के एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट जो (फ्लाइंग स्क्वाड) का इंचार्ज भी है, उसके साथ बहस कर रहीं थीं। 10 गाड़ियां आतिशी के साथ थीं और कई समर्थक भी साथ थे। पुलिस वाला वीडियो बना रहा था।

# 06 माह और 05 करोड़ रुपए की धनराशि से बनकर तैयार होगा यह फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य

नूना न्यूज एजेंसी।

दिल्ली। 4 फरवरी 2025 को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने जनता की बहुत दिनों से चली आ रही मांग को पूरा करवाने के उद्देश्य से सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट और जनपद न्यायालय को जोड़ने के लिए फुट ओवर ब्रिज का शुभारंभ जनपद दीवानी एवं फौजदारी की महिला अधिवक्ताओं से फीता कटवाकर कराया गया। फुट ओवर ब्रिज के बनने के बाद पैदल चलने यात्री आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। साथ ही वृद्ध लोगों के लिए लिफ्ट भी तैयार की जाएगी। यह लिफ्ट आठ लोगों को एक साथ लेकर आ जा सकती है। इस मौके पर जिलाधिकारी, जनपद गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा जी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवनीश सक्सेना और जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट प्रमेन्द्र सिंह भाटी, कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. जयपाल सिंह भाटी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि "यह फुट ओवर ब्रिज आने वाले समय में जनता के लिए बहुत ही सुविधाजनक होगा। दैनिक यात्रियों के लिए फुट ओवर ब्रिज के साथ-साथ विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने आगे कहा कि "जिस समाज में महिलाएं भी पुरुषों का हाथ बंटाती हों और जहां की व्यवस्था में महिलाएं आगे आकर, इस देश का आईना बनेंगी, वह देश बहुत जल्द विकसित होगा।" यह फुट ओवर ब्रिज छह माह में बनकर तैयार हो जाएगा। इस मौके पर जिलाधिकारी जनपद गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि "जनपद गौतमबुद्धनगर को उत्तर प्रदेश को आर्थिक राजधानी माना जाता है। इसलिए यहां के कार्यालय और मुख्यालय भी उसी स्तर के ही होने चाहिए। आपके विकास कार्यों के लिए जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह खुद पर्यवेक्षण करते हैं। आप सभी अधिवक्तागण गरीब व्यक्ति को कभी निराश मत होने देना। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवनीश सक्सेना ने कहा कि "विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका आज तीनों एक मंच पर मौजूद हैं, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्लोगन आज चरितार्थ हो गया है। बार एसोसिएशन जनपद गौतमबुद्धनगर के शपथ ग्रहण के एक माह के अंदर ही हम फुट ओवर ब्रिज का शुभारंभ करने जा रहे हैं, जो कई वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। ग्रेनो प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि "भीड़भाड़ को देखते हुए पैदल चलने वाले यात्रियों को सड़क पार करने में दिक्कत हो रही थी। इस फुट ओवर ब्रिज के बनने से यह दिक्कत खत्म हो जाएगी।" इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने महिला अधिवक्ताओं को शॉल भेंट कर, उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर एड. अजीत नागर सचिव, एड. राजीव तोंगड़ पूर्व अध्यक्ष, एड. सुशील भाटी पूर्व अध्यक्ष, एड. कृष्ण कुमार, एड. राकेश कुमार, एड. अजीत भाटी, एड. ज्योति, एड. सीमा, एड. हेमंत शर्मा, एड. कुलदीप शर्मा, एड. चरणजीत सिंह, एड. जयपाल भाटी, एड. शोभाराम चंदीला, एड. जयवीर भाटी, एड. मुकेश कर्दम, एड. मूल चंद शर्मा, एड. देवेंद्र रावल, एड. अतुल शर्मा आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



**महिलाओं का अपमान करती हैं भाजपा और आम आदमी पार्टी- कांग्रेस**

# भाजपा व आप नेताओं द्वारा महिलाओं के अपमान पर मोदी, शाह और केजरीवाल की चुप्पी पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** 04 फरवरी कांग्रेस ने भाजपा और आम आदमी पार्टी के महिला-विरोधी चेहरों को बेनकाब करते हुए इन दोनों दलों के नेताओं द्वारा महिलाओं का लगातार अपमान करने पर प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। मोती नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार हरीश खुराना की महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियों वाले वीडियो पर नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि खुराना पार्टी के सहयोगियों और सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। वे अपने ही क्षेत्र के पूर्व विधायक की मां को गालियां दे रहे हैं। हरीश खुराना ने ये भी कहा कि भाजपा में लड़की सप्लाई करने से टिकट मिलता है। उन्होंने कहा, ये बेहद शर्मनाक है कि भाजपा राजनीति को इतने निम्न स्तर पर ले आई है। नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा जैसे तमाम बड़े नेताओं ने हरीश खुराना के लिए प्रचार किया है। इन सभी को इस वीडियो पर सफाई देनी चाहिए। लांबा ने कहा, ये पहली बार नहीं है जब भाजपा महिलाओं को अपमानित कर रही है। कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के बयान लगातार महिला विरोधी रहे हैं। भाजपा के विधायक ओपी शर्मा भी महिलाओं को अपशब्द कहने के लिए निलंबित हो गए थे। लांबा ने आगे कहा, हरीश खुराना वीडियो में यह भी कह रहे हैं कि झुग्गी-झोपड़ियों में दो-ढाई करोड़ रुपये बांटने थे, लेकिन उन्हें पार्टी से 70 लाख रुपये ही मिले। लांबा ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार चुनावी खर्चे की सीमा से कहीं अधिक दो-ढाई करोड़ रुपये बांटने की बात कर रहे हैं तो चुनाव आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा, यह इस बात को भी दर्शाता है कि भाजपा किस तरह से चुनाव जीतने के लिए धन-बल का इस्तेमाल कर रही है।

# पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ रजिस्टर्ड ने किया दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन का एलान: इरफान अहमद



**नई दिल्ली।** 4 फरवरी 2025 (संवाददाता): राष्ट्रवादी संस्था पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ (पंजीकृत) ने मालवीय नगर विधानसभा नई दिल्ली के लोकप्रिय भाजपा उम्मीदवार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय जी और पूरी दिल्ली में भाजपा के उम्मीदवारों को वोट करने की अपील की ! समस्त दिल्ली में पसमांदा अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज जो मुस्लिम आबादी का 70 प्रतिशत है पसमांदा पिछड़े समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ (पंजीकृत) ने दिल्ली में भाजपा के समर्थन में वोट करने की अपील की !! भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और भाजपा दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय जी को एक लिखित पत्र सौंपा है, जिससे राजधानी दिल्ली में डबल इंजन की सरकार? बन सके और तेजी से विकास हो सके ! इरफान अहमद ने आगे कहा कि दिल्ली में पिछड़ा मुस्लिम समुदाय जो कि मुस्लिम आबादी का 70% है, उन्हें बीजेपी को वोट देना चाहिए, दिल्ली के मुसलमानों से विशेषकर पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समुदाय से विशेष अनुरोध किया है कि सभी को अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के उम्मीदवारों को वोट देकर सफल बनाएं !! आज देश सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की शैली पर आगे बढ़ रहा है, इस समय पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और इस सबका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है क्योंकि प्रधानमंत्री जी के विजन और मिशन को और मजबूत करने की आवश्यकता है। जिससे हमारा देश विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हो सके !!

# 'यूनिफाई टू नोटिफाई --यह सरकार से अनुरोध करता है कि भारत में कैंसर को एक अनिवार्य रूप से रिपोर्ट की जाने वाली बीमारी घोषित किया जाए, जिससे इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देना आवश्यक हो




**नई दिल्ली।** 4 फरवरी 2025: अपोलो कैंसर सेंटर्स, दिल्ली के ऑन्कोलॉजी फोरम, कैंसर केंद्र एम्स,और दिल्ली कैंसर रजिस्ट्री (डीसीआर)की मदद से, विश्व कैंसर दिवस पर एक राष्ट्रीय अभियान -- "यूनिफाई टू नोटिफाई" -- शुरू कर रहा है। इस कैंपेन का उद्देश्य भारत सरकार से अपील करना है कि कैंसर को एक ऐसी बीमारी माना जाए, जिसे स्वास्थ्य विभाग को जानकारी देना जरूरी हो। जो इस बीमारी से लड़ने के लिए एक जरूरी कदम है। भारत वर्तमान में हर साल 14 लाख से ज्यादा नए कैंसर के मामले की रिपोर्ट करता है, और 2025 तक यह संख्या 15.7 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। कैंसर को रिपोर्ट करने योग्य बीमारी के रूप में घोषित करने से:

1. समय पर डेटा इकट्ठा करना और सही रिपोर्टिंग करना, जिससे बीमारी के फैलाव को बेहतर तरीके से समझा जा सके।
2. महामारी विश्लेषण और सही उपायों के जरिए इलाज के लिए एक समान तरीका तैयार करना।
3. इससे कैंसर के इलाज में सही तरीके, प्रभाव और लोगों तक पहुंच बढ़ेगी, जो आखिरी में भारत की वैश्विक कैंसर शोध और इलाज में भूमिका को मजबूत करेगा।

2022 में, संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर स्थायी समिति ने राजीव सभा में एक रिपोर्ट दी, जिसमें कैंसर को रिपोर्ट करने योग्य बीमारी बनाने की सिफारिश की गई। इस पहल से, विशेषज्ञ उम्मीद कर रहे हैं कि भारत सरकार अगला कदम उठाएगी और इस विधेयक को अगले बजट सत्र में दोनों सदनों में पास करेगी।

# इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनेगी : रेखा गुप्ता




नई दिल्ली, फरवरी : शालीमार बाग से बीजेपी की उम्मीदवार रेखा गुप्ता के साथ शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में एवरबेक मार्किट, बीएन ब्लॉक शालीमार बाग में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर लोगों ने रेखा गुप्ता का फूलों की माला से स्वागत किया। शालीमार बाग विधानसभा बीजेपी उम्मीदवार रेखा गुप्ता ने नितिन गडकरी को आश्वासन दिया कि ये सीट बीजेपी के हक में जाएगी और इस बार दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनेगी। उन्होंने लोगों को ये भी भरोसा दिया कि बीजेपी की सरकार बनने पर जो योजना लागू है वो चलती रहेगी और दिल्ली के विकास किया जाएगा।

## दिल्ली में 5 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश का ऐलान, सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम



**दिल्ली।** सरकार ने बुधवार (5 फरवरी) को दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के कारण दिल्ली सरकार के तहत सभी सरकारी कार्यालयों, स्थानीय या स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। छुट्टी के कारण उन कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति मिलेगी जो दिल्ली के पंजीकृत मतदाता हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली भर में अर्धसैनिक बलों की 150 से अधिक कंपनियां और 30,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। मीडिया से बात करते हुए स्पेशल सीपी (क्राइम) और चुनाव सेल के प्रभारी देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय राजधानी में 5 फरवरी को होने वाले चुनाव की तैयारियों की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा, "सभी दिल्ली पुलिस कर्मी स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चुनाव पूर्व व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है।" उन्होंने आगे कहा कि नियमित नकदी जब्ती के साथ-साथ ड्रग्स और शराब की रिकॉर्ड जब्ती हुई है। लगभग 3,000 मतदान केंद्रों की पहचान संवेदनशील के रूप में की गई है और इनमें से कुछ स्थानों पर ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा।

## होटल संचालक ने लगाया 25 साल पुरानी जमीन पर कब्जा करने का आरोप




सांपला, फरवरी : रोहतक के भिवानी स्टैंड निवासी अवतार सिंह उर्फ डौली ने 25 साल पहले खरीदी जमींन पर कब्जा करने का प्रयास करने की शिकायत आईएमटी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर औमप्रकाश सहित 10 अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि उसने करीब 25 साल पहले जमीन को खरीदा था। इसके बाकायदा उसके पास वैध दस्तावेज है। जमीन की पैमाइस के लिए उन्होने तहसीलदार को एक आवेदन भी दिया हुआ है। तहसीलदार ने पैमाइस करने के लिए 25 फरवरी तक का दोनो पार्टी को समय दिया है। आरोप है कि औमप्रकाश ने अपने करीब 10 साथियों के साथ मिलकर उसकी जमीन पर कुछ पिल्लर गाड दिये और उनको कवर भी कर दिया । आरोपी ने तहसीलदार द्वारा दिये गये समय का भी इंतजार नहीं किया। पीड़ित का काफी समय से इस जमीन पर एक होटल व पैट्रोल पंप भी संचालित हो रहा है। आईएमटी थाना प्रभारी महेश कुमार का कहना है कि शिकायत के आधार पर नामजद आरोपी सहित अन्यों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**दिल्ली में मतदान कल**

# मतदानकर्मी बूथों पर पहुंचने लगे, सीईओ राष्ट्रपति से मिलीं।



**उषा पाठक/वरिष्ठ पत्रकार**

**नयी दिल्ली।** 4 फरवरी 2025 (एजेंसी)। दिल्ली में कल होने वाले मतदान के लिए मतदान कर्मियों का दल आज सुबह से ही बूथों पर पहुंचाने लगा है।देर शाम तक वे अपने अपने बूथों पर पहुंच जाएंगे। इस बीच दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सुश्री आर. एलिस वाज ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें मतदाता पर्ची भेंट की। इस मौके पर सीईओ के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी,नई दिल्ली सनी कु. सिंह और बूथ लेवल अधिकारी सुरेश गिरी मौजूद थे। दिल्ली में विधान सभा चुनाव के लिए सभी 70 सीटों पर कल वोट डाले जाएंगे। निर्वाचन आयोग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। दिल्ली में इस बार कुल एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 मतदाता के लिए कुल 13 हजार 33 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जहां वे कल वोट डाल सकेंगे। एल.एस.

# केंद्रीय बजट 2025-26 में कई अवसर गंवा दिए गए: जमाअत-ए-इस्लामी हिंद



**नई दिल्ली, 04 फरवरी:** केंद्रीय बजट 2025-26 पर टिप्पणी करते हुए जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अमीर (अध्यक्ष) सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने कहा है कि इसमें "कई अवसर गंवा दिए गए हैं। मीडिया को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में आयकर में कटौती, छूट की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने और मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए स्लैब को समायोजित करने जैसे कई सकारात्मक पहलुओं की हम सराहना करते हैं,। इससे करदाताओं के हाथ में अधिक व्यय योग्य आय बचेगी तथा उपभोग एवं विकास को बढ़ावा मिलेगा। दूसरी सकारात्मक बात यह है कि 1 लाख करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद, बजट में राजकोषीय विवेक बनाए रखा गया तथा राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.4% तक सीमित रखा गया। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारा उधार नियंत्रित रहेगा। इसके अलावा व्यावसायिक विनियमनों को सरल बनाने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा विनियामक सुधारों को आगे बढ़ाने से व्यवसाय को आसान बनाने में मदद मिलेगी तथा निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। जमाअत के अध्यक्ष ने आगे कहा, "हम कई मामलों में इस बजट से निराश हैं। युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, प्रति व्यक्ति कम जीडीपी और कृषि विकास के साथ गंभीर आजीविका संकट के आधार पर वित्त मंत्री के लिए बजट में आमूलचूल नीतिगत बदलाव करने का एक अच्छा अवसर था ताकि असमानता, बेरोजगारी और उपेक्षित वर्गों की समस्या को दूर करने के लिए पुनर्वितरण न्याय, समान विकास और प्रभावी शासन को प्राथमिकता दी जा सके। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने बजट से पहले वित्त मंत्रालय को अपने सुझाव सौंपे थे जिसमें व्यापार वृद्धि और कर प्रोत्साहन पर केंद्रित आपूर्ति की रणनीति से हटकर नागरिकों की क्रय शक्ति में वृद्धि, उपभोग को प्रोत्साहन और कल्याणकारी कार्यक्रमों को बढ़ाने के उद्देश्य से मांग की रणनीति अपनाने की जोरदार वकालत की गई थी। दुर्भाग्य से, जब हमने बजट 2025-26 का अध्ययन किया तो हमें लगा कि हमारे अधिकांश सुझावों को नजरअंदाज कर दिया गया। ऐसा लगता है कि बजट में कई अवसर चूक गए। केंद्रीय बजट 2025-26 को स्वाभाविक तौर से विस्तारवादी होना चाहिए था।लेकिन इसके विपरीत कुल व्यय में लगभग एक लाख करोड़ की कमी कर दी गई है। इसका सामाजिक व्यय पर प्रभाव पड़ना निश्चित है तथा गरीबों की दुर्दशा और भी अधिक बढ़ जाएगी। सैयद सआदतुल्लाह ने कहा, "हमने मनरेगा में कटौती को वापस लेने, शहरी रोजगार योजना शुरू करने, स्वास्थ्य सेवा पर खर्च को सकल घरेलू उत्पाद के 4% तक बढ़ाने और सकल घरेलू उत्पाद के 6% आवंटन के साथ एक व्यापक शिक्षा मिशन शुरू करने की मांग की थी। इन सभी मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया गया है। इसके अलावा, बजट में अल्पसंख्यकों के उत्थान, एससी/एसटी सशक्तिकरण या कृषि ऋण राहत पर स्पष्ट रूप से ध्यान नहीं दिया गया है जिससे सामाजिक न्याय और समान विकास के प्रमुख मुद्दे अनसुलझे रह गए हैं। हमने राजस्व के मामलों में आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी की अधिकतम सीमा 5% रखने, विलासिता कर लगाने, बड़ी कंपनियों पर अप्रत्याशित लाभ कर लगाने और केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाकर 50% करने का सुझाव दिया था। लेकिन, बजट इन महत्वपूर्ण उपायों पर चुप है। इसी प्रकार, विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर डिजिटल कर, कर-मुक्त अवसंरचना बांड, तथा प्रभावी मानकों के साथ मजबूत सीएसआर मानदंडों को शामिल नहीं किया गया। इन सुधारों का अभाव से असमानता को दूर करने, कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए राजस्व उत्पन्न करने तथा वित्तीय न्याय सुनिश्चित करने के अवसर समाप्त हो जाएंगे। हमारा दृढ़ मत है कि सरकार को एक प्रगतिशील राजस्व नीति अपनाने की आवश्यकता है जो आम नागरिक को प्राथमिकता दे तथा समतामूलक विकास का समर्थन करे। वर्तमान बजट पर अपनी प्रतिक्रिया के अंत में उन्होंने कहा, "जैसा कि बजट 2025-26 के अवलोकन से पता चलता है, व्यय का बड़ा हिस्सा (20%) ऋण पर ब्याज भुगतान की ओर जाता है। यह हमारे गैर-उत्पादक व्यय का एक बड़ा हिस्सा है जिसका उपयोग हम लोगों के कल्याण के लिए कर सकते थे। ऋण-जाल में फंसने से बचने के लिए हमें इक्विटी-आधारित वित्त मॉडल और ब्याज मुक्त अर्थव्यवस्था की ओर साहसिक कदम उठाना होगा। पारंपरिक बैंकों में इक्विटी-आधारित ब्याज-मुक्त बैंकिंग सुविधा को शामिल करके हम इस दिशा में शुरूआत कर सकते हैं। हमारी ओर से वित्त मंत्रालय को भी यह सुझाव दिया गया। यह एक अभिनव दृष्टिकोण होगा और हमें अपने राजनीतिक विचारों को गंभीर आर्थिक और ऋण-संबंधी चुनौतियों के लिए समय-परीक्षित समाधान तलाशने से नहीं रोकना चाहिए। हम आशा करते हैं कि सरकार पक्षपातपूर्ण और वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठेगी तथा बजट को आर्थिक नीति में वास्तविक परिवर्तन के साधन के रूप में रखेगी, जिससे देश के सभी नागरिकों को लाभ पहुंचे।

*भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने बवाना, रोहिणी और नजफगढ़ में किया प्रचार*

# भाजपा सरकार बनने से बढ़ेगा देश की राजधानी दिल्ली का गौरव : ओपी धनखड़

**भाजपा के पक्ष में बना राजनीतिक माहौल, भाजपामय हुई समस्त दिल्ली**



भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ बवाना, रोहिणी और नजफगढ़ में प्रचार के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए।

नई दिल्ली, फरवरी : भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने बवाना, नजफगढ़ और रोहिणी में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आहवान करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार आ रही है। बवाना, रोहिणी और नजफगढ़ के मतदाता दिल्ली की सरकार में अपनी भागीदारी बनाने के लिए ज्यादा संख्या में 05 फरवरी को कमल का बटन दबाएं। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि दिल्ली में आप की सरकार घोटालों में लगी रही और देश की राजधानी की गरिमा और गौरव को कम करने का पाप किया है। भाजपा की नीति राष्ट्र हित की रही है। हमारी सरकार बनने से देश की राजधानी दिल्ली का गौरव विश्व पटल पर बढ़ेगा। धनखड़ ने कहा कि दिल्ली की जनता पूरी तरह से बदलाव के मूड में है और केजरीवाल से छुटकारा चाहती है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने जनता में बदलाव के मूड का अनुभव हुआ है इसलिए बवाना से रविंद्र, रोहिणी से बिजेंद्र गुप्ता और नजफगढ़ से नीलम कृष्ण पहलवान बड़े अंतर से चुनाव जीत रहे हैं। देश की जनता का भरोसा पीएम मोदी पर है। मोदी जो कहते हैं, वह पूरा जरूर करते हैं इसलिए दिल्ली की जनता के आशीर्वाद से दिल्ली में बड़े बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस दौरान चेयरमैन कप्तान बिरधाना, निगम पार्षद दीपक डबास सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरवीएनएल को एक्सिलैंस इन प्रोजैक्ट मैनेजमैंट अवार्ड से सम्मानित किया

नई दिल्ली, फरवरी : रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल), जो भारतीय रेल मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है, को 6वें रेल एनालिसिस इनोवेशन एंड एक्सीलेंस समिट 2025 में एक्सीलेंस इन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया और आरवीएनएल को रेलवे परियोजनाओं के कुशल प्रबंधन, नवाचार और समय पर क्रियान्वयन में उत्कृष्टता के लिए मान्यता दी गई।

आरवीएनएल की ओर से यह पुरस्कार निदेशक एम.पी. सिंह ने प्राप्त किया। यह पुरस्कार आरवीएनएल की उच्च दक्षता और सटीकता के साथ जटिल रेलवे परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की क्षमता को दर्शाता है। आरवीएनएल भारत में रेलवे नैटवर्क के विकास और आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कंपनी ट्रैक बिछाने, विद्युतीकरण, सिग्नलिंग, हाई-स्पीड कॉरिडोर और मेट्रो रेल सिस्टम जैसी प्रमुख परियोजनाओं के कार्यान्वयन में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

रेल एनालिसिस इनोवेशन एंड एक्सीलेंस समिट भारत के रेलवे और मेट्रो क्षेत्र में उत्कृष्टता, इंजीनियरिंग और तकनीकी एकीकरण को मान्यता देने वाला एक प्रमुख आयोजन है। इस अवसर पर आरवीएनएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप गौड़ ने कहा कि यह पुरस्कार विश्व स्तरीय रेलवे परियोजनाओं को कुशलता और नवाचार के साथ पूरा करने की आरवीएनएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## कपिल मिश्रा की सीट का क्या है हाल

**लोगों ने बताया किसकी होगी जीत?**

**दिल्ली।** में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अब मैच दो दिनों का ही समय रह गया है। आज से इस चुनाव के लिए चुनाव प्रचार थम गया है। विधानसभा चुनाव को लेकर हमारी टीम भी दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्र में जाकर राज्य का चुनावी माहौल जानने की कोशिश कर रही है। करावल नगर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के प्रत्याशी कपिल मिश्रा समेत कई अन्य भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं से बात की। बातचीत के दौरान कपिल मिश्रा ने बताया कि करावल नगर विधानसभा क्षेत्र समेत पूरी दिल्ली के लिए प्रमुख चुनावी मुद्दा अरविंद केजरीवाल का झूठा और राज्य का विकास ना कर पाना ही है। भाजपा उम्मीदवार ने दावा किया की पूरी दिल्ली पानी की समस्या को लेकर परेशान है। इसीलिए इस बार राज्य में केजरीवाल की सत्ता से छुट्टी होने वाली है। मिश्रा ने बताया कि निश्चित रूप से इस चुनाव में पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बनने जा रही है और राज्य की वर्तमान मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल दोनों लोग चुनाव हारेंगे। इसके अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर गुर्जर ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल इस बार कट्टर बेईमान सिद्ध हुए हैं। उनकी वजह से ही दिल्ली में साल 2020 में दंगे हुए थे, इसके अलावा भी राजधानी कई मूलभूत सुविधाओं से दूर है। इसलिए आम आदमी पार्टी की इस चुनाव में हार निश्चित ह। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को राष्ट्र विरोधी और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने वाला नेता भी करार दिया। पार्टी के कई नेताओं ने दावा किया कि पिछले 11 साल से दिल्ली की महिलाएं इस सरकार से काफी परेशान हैं।

## समाचार

### अब चोरों ने बनाया आयुष्मान आरोग्य मंदिर को निशाना, हजारों का माल चोरी



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** अब चोरों ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद अब अपना टारगेट जनता के स्वास्थ्य मंदिरों को बना लिया है चोरों ने क्षेत्र के एक गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के ताले तोड़कर हजारों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया, वहीं मामले की पुलिस को सूचना दी गई है। बताते चलें कि सोमवार की देर रात किसी समय अज्ञात चोरों ने क्षेत्र के गांव लुहारी भूड़ स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के ताले तोड़कर समरसेबल का स्टाटर, दो बिजली के पंखे सीएफएल बल्ब, शुगर तथा ब्लड प्रेशर नापने की मशीन सहित अन्य जरूरी सामान पर हाथ साफ कर दिया। जैसे ही सुबह को सीएचओ सदफ केंद्र पर पहुंची तो उन्होंने कमरे का ताला टूटा देखा वहीं मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे बीपीएम अब्दुल कादिर ने मौका मुआयना किया और मामले की पुलिस को सूचना दी गई। सी एच ओ सदफ द्वारा पुलिस को तहरीर दे दी गई है,मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। वहीं इससे पूर्व में भी आयुष्मान आरोग्य केंद्र में एक बार चोरी हो गई थी। जिसमें इनवर्टर, बैटरी समेत अन्य माल पर हाथ साफ कर दिया था। लेकिन पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी। वहीं क्षेत्र में लगातार हो रहीं चोरियों से लोगों में भय का माहौल है। अब देखना यह है कि पुलिस द्वारा इस मामले में क्या कार्रवाई अमल में लाई जाएगी या फिर जांच के नाम पर ऐसे ही इतिश्री कर ली जाएगी। वही संबंध में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

### रातों-रात अवैध खनन करके लाई जा रही मिट्टी से अवैध प्लाटों में डाला जा रहा है भराव, प्रशासन मौन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** नगर क्षेत्र के चारों ओर अवैध खनन करने वाले खनन माफियाओं का खनन का कार्य बे खौफ बे रोकटोक चल रहा है खनन माफिया बे खौफ होकर दिन-रात अवैध खनन करके लाई जा रही मिट्टी से क्षेत्र के अवैध प्लाटों में भराव डाला रहे हैं, जहां एक और अवैध खनन द्वारा भराव डाला जा रहा है तो वही दूसरी बिना धारा 80 के बड़े-बड़े खेतों को प्लॉट के रूप में तब्दील कर-के उनमें भराव डाला जा रहा है, बताते चलें कि नगर के ग्राम कनेटा रोड पर खनन माफिया ने रात दिन अवैध खनन द्वारा लाई गई मिट्टी से खेत को पाट दिया और भू माफिया द्वारा उस पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है, वहीं प्रशासन को इस कार्य की भनक तक नहीं है, इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने एसडीएम विभा श्रीवास्तव से वार्ता की तो उन्होंने संबंधित लेखपाल को मौका मुआयना करने के निर्देश दिए अब देखना यह है कि क्या अवैध खनन करके लाई गई मिट्टी से पाटे गए प्लाट स्वामियों/भू माफियाओ एवं अवैध खनन माफियाओ के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है या मात्र एक कागजी कार्यवाही ही रह जाएगी ' बताते चलें कि अवैध खनन तथा अवैध प्लाटिंग से सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है इसकी भरपाई कैसे होगी,किया सरकार को ऐसे ही अवैध खनन माफिया, भू माफिया चूना लगाते रहेंगे।

### भूटान नरेश संग मुख्यमंत्री ने संगम में लगाई पावन डुबकी



**महाकुम्भ नगर, 4 फरवरी।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहीं मंगलवार को नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। भूटान नरेश संगम में आस्?था की डुबकी लगाने के बाद अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन के लिए गये। दोनों नेताओं ने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का भी दौरा किया। सदी के सबसे बड़े आयोजन 'महाकुम्भ 2025' में स्नान के लिए पूरी दुनिया लालायित है। इसी क्रम में भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में 'पुण्य की डुबकी' लगाने प्रयागराज पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें त्रिवेणी संगम पर विधिवत स्नान और पूजा-अर्चना कराई। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही थिम्फू से लखनऊ पहुंचे थे, जहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। संगम में स्नान-ध्यान के उपरांत भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुम्भ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महाकुम्भ नगर में भूटान नरेश की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास (सतुआ बाबा) सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## नाबालिक लड़की के अपहरण के विरोध में बजरंग दल ने स्टेट हाईवे किया जाम



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**गजरौला।** मंगलवार को गजरौला पुलिस थाने के बाहर बजरंग दल ने थाने का घेराव करते हुए हरिद्वार बदायूं स्टेट हाईवे को जाम कर दिया, बताते चले कि गजरौला में 18 दिन पूर्व हुए एक हिंदू नाबालिक लड़की के अपहरण के विरोध में बजरंग दल कार्यकताओं ने पीड़िता के परिजनों साथ मिलकर अपहरण की गई लड़की की सकुशल बरामदगी को लेकर 2 घंटे तक प्रदर्शन करते हुए स्टेट हाईवे को जाम रखा, जिससे हरिद्वार की ओर जाने आने वाले दर्जनों बाहन जाम में फंस गए, वहीं हसनपुर सर्कल के पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत भी मौके पर पहुंच गए, इस संबंध में बजरंग दल के मेरठ प्रांत के प्रभारी हेमंत सारस्वत ने बताया कि 18 दिन पूर्व गैर संप्रदाय के युवक द्वारा हिंदू नाबालिक लड़की का अपहरण कर लिया गया था जिसका अभी तक पुलिस सुराग भी नहीं लगा पाई है, हेमंत सारस्वत ने कहा कि हिंदू संगठन समाज के साथ मजबूती से खड़ा है और हिंदू बहन बेटियों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है, वहीं उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर पुलिस के क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियां द्वारा की गई टिप्पणी जिसमें जितेंद्र बालियान ने कहा कि लड़की को ढूंढना पुलिस के बस की बात नहीं है पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए तथा क्राइम इंस्पेक्टर पर पीड़ित परिजनों के साथ तथा कार्यकताओं के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया, हसनपुर सी ओ दीप कुमार पंत के आश्वासन के बाद बजरंग दल कार्यकताओं ने जाम खोल दिया, इस संबंध में हेमंत सारस्वत ने बताया कि हसनपुर सर्कल के सी ओ दीप कुमार पंत ने 5-7 दिन के अंदर लड़की को बरामद करने का आश्वासन दिया है यदि लड़की बरामद नहीं होती है तो बजरंग दल इस बार एसपी ऑफिस का घेराव करेगा।

## सनातन धर्म के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं मारीच और सुबाहु: सीएम योगी





**महाकुम्भ नगर, 04 फरवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में सेक्टर 6 स्थित जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम भद्राचार्य जी के शिविर में पहुंचकर उनसे भेंट की। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महाकुम्भ के विराट स्वरूप को संपूर्ण विश्व के लिए आस्था और सनातन धर्म का एक अद्वितीय प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोग सनातन धर्म के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। सनातन धर्म को लाखों संतों का सानिध्य प्राप्त है, उसे कोई मारीच और सुबाहु बाल भी बांका नहीं कर सकता। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिविर में चल रहे 151 कुंडी अखंड भारत संकल्प महा यज्ञ में आहुति भी डाली।

**सनातन धर्म विरोधियों को यह आयोजन रास नहीं आ रहा**

सीएम योगी ने कहा कि इस महाकुम्भ में अब तक 38 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा स्नान से आरंभ यह आयोजन 22 दिनों में दुनिया भर के श्रद्धालुओं के लिए सनातन धर्म की महिमा का भव्य दर्शन प्रस्तुत कर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें सनातन धर्म का यह विराट स्वरूप अच्छा नहीं लग रहा है। उन्होंने कहा, "यह वही लोग हैं, जो राम जन्मभूमि का विरोध करते रहे और कुम्भ जैसे आयोजनों पर भी सवाल उठाते रहे। ये वही लोग हैं, जो कोरोना महामारी के दौरान टेस्ट, ट्रीटमेंट और वैक्सीनेशन का भी विरोध कर रहे थे।"

**रामलला के पुनः विराजमान होने से दुनिया अभिभूत**

मुख्यमंत्री ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के भव्य प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए कहा कि इस आयोजन ने पूरी दुनिया को सनातन धर्म के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ और राम मंदिर का निर्माण सनातन संस्कृति की शक्ति का प्रतीक हैं। सीएम योगी ने कहा, "सनातन धर्म सुरक्षित है तो भारत सुरक्षित है और भारत सुरक्षित है तो मानवता सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के पूज्य संतों और आचार्यों की परंपरा पर संदेह करने का कोई स्थान नहीं है।

## हिंदू और बौद्ध एक ही वटवृक्ष की शाखाएं: सीएम योगी





**महाकुम्भ नगर, 04 फरवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रयागराज दौरे पर बौद्ध महाकुम्भ यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उपासना विधियों का एक मंच पर आना अभिनंदनीय है। हिंदू और बौद्ध एक ही वटवृक्ष की शाखाएं हैं। यदि ये एक ही मंच पर आ जाएं तो यह दुनिया में सबसे शक्तिशाली वटवृक्ष बनेगा जो उन्हें छांव भी देगा और उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने बौद्ध संतों और विद्वानों पर पुष्प वर्षा भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**भारत विरोधी तत्वों की नींद हुई हराम**

मुख्यमंत्री ने कहा, भगवान बुद्ध ने दुनिया को करुणा और मैत्री का संदेश दिया। आज यदि भारत रहेगा तो भगवान बुद्ध का संदेश भी रहेगा। कुछ लोग आज भारत को बांटने का षड्यंत्र कर रहे हैं, लेकिन इस तरह के आयोजनों से भारत विरोधी तत्वों की नींद हराम हो चुकी है। वह अलग-अलग माध्यमों से दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन सांच को आंच कहां। सत्य तो सत्य होगा। भगवान बुद्ध ने कहा था कि सत्य की अनुभूति की जाती है, सत्य को शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है। इसी सत्य की अनुभूति आज यहां कोटि-कोटि संतों और श्रद्धालुओं को हो रही है।

**पूरी दुनिया में जाना चाहिए एकता का संदेश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां एक तरफ यह महाकुम्भ एकता का संदेश दे रहा है तो वही बहुत सारे लोगों को यह कार्यक्रम अच्छे नहीं लग रहे। 38 करोड़ श्रद्धालु कैसे प्रयागराज महाकुम्भ में आकर आस्था की डुबकी लगा लिए हैं। भारत का डंका दुनिया में बजा दिया है। इसने भारत विरोधी तत्वों की नींद हराम कर दी हैं।महाकुम्भ का आयोजन एकता का संदेश देने का सबसे बड़ा माध्यम है। यह आत्म साक्षात्कार का भी माध्यम है। इस महाकुम्भ से यह संदेश पूरी दुनिया को जाना चाहिए। प्रसन्नता है कि आप लोग यहां पर आए, महाकुम्भ के साक्षी बने और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर एकता के संदेश को गांव गांव और घर घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इंद्रेश जी समेत बौद्ध धर्म से जुड़े संत उपस्थि रहे।

## आचार्य सत्येंद्र दास का कुशलक्षेम जानने पीजीआई पहुंचे सीएम योगी



**लखनऊ, 4 फरवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम एसजीपीजीआई पहुंचकर आचार्य सत्येंद्र दास का कुशलक्षेम जाना। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को रविवार को पक्षघात (स्ट्रोक) के चलते पहले अयोध्या के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें चिकित्सकों ने एसजीपीजीआई के लिए रेफर कर दिया। एसजीपीजीआई अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार वे मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारियों से भी ग्रस्त हैं। फिलहाल उन्हें न्यूरोलॉजी आईसीयू में रखा गया है और डॉक्टरों की गहन निगरानी में उनका इलाज जारी है। मंगलवार शाम को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं अस्पताल पहुंचे और आचार्य सत्येंद्र दास के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों से इलाज की प्रगति पर चर्चा की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। चिकित्सकों के अनुसार आचार्य जी की हालत गंभीर बनी हुई है, लेकिन फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है। उनकी उम्र और अन्य बीमारियों को देखते हुए डॉक्टर विशेष सावधानी बरत रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। सीएम योगी इसके बाद लिवर ट्रांसप्लांट यूनिट में भर्ती गोरखपुर के पीपीगंज निवासी महेंद्र मिश्र से भी मुलाकात कर उनका हाल जाना।

## सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षडयंत्र करने वाले तत्व गढ़ रहे झूठ व असत्य के प्रतिमान: योगी

**महाकुम्भ नगर, 4 फरवरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर बरसे। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन का साक्षी बनकर देश व दुनिया गौरव की अनुभूति कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षडयंत्र करने वाले तत्वों के द्वारा लगातार शरारत पर शरारत करते हुए झूठ व असत्य के नित नए प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं।

**सनातन धर्म विरोधी चरित्र को उजागर करता है कांग्रेस-सपा अध्यक्ष का वक्तव्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य न इनके सनातन धर्म विरोधी चरित्र को उजागर कराता है, बल्कि इनकी उस गिद्ध दृष्टि की ओर भी सबका ध्यान आकर्षित करता है, जो लगातार पहले दिन से महाकुम्भ के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। इनका यह बयान न केवल सनातन धर्म पर प्रहार है, बल्कि निंदनीय व शर्मनाक है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना कि मौनी अमावस्या में हजारों लोग मर गए, यह अफसोसजनक है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है कि संसद में मर्यादित बयान रखें। दोनों नेता झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। इनका बयान गुमराह करने वाला है। दोनों दलों में प्रतिस्पर्धा है कि कौन कितना सनातन धर्म विरोधी वक्तव्य दे सके।

मेला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस ने क्विक रिस्पांस से घायलों को पहुंचाया हॉस्पिटल सीएम ने कहा कि यह कहना कि कोई आंकड़े नहीं दिए गए, गलत है। प्रशासन ने भी आंकड़े दिए गए और मैंने भी उन्हें सबके सामने रखा। घटना दुखद थी। इससे हर कोई दुखी थी। मेला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस ने मिलकर क्विक रिस्पांस से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। सीएम ने कहा कि उस दिन करोड़ों लोग प्रयागराज में थे। सनातन धर्म विरोधी और यह दोनों दल चाहते थे कि बड़ा हादसा हो जाए। हमारी पहली प्राथमिकता थी कि किसी भी स्थिति में जीरो हादसे तक लेकर जाएं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से यह घटना घटित हुई। प्रशासन व संबंधित संस्थाओं ने क्विक रिस्पांस से कार्य किया और उन्हें हॉस्पिटलाइज किया। इसमें कुछ लोग हादसे का शिकार हुए, यह दुखद है।

# प्रयागराज रेलवे ने बसंत पंचमी पर्व पर 300 से अधिक ट्रेनों का किया सफल संचालन

**04 फरवरी झ्र महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ प्रयागराज में बंसत पंचमी का दिव्य, भव्य अमृत स्नान संपन्न हो गया। जिसमें देश के कोने-कोने से आये करोंड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मेला प्राधिकरण के अनुमान के मुताबिक बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोंड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। श्रद्धालु पिछले कई दिनों से अमृत स्नान में सम्मिलित होने के लिए लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे थे। प्रयागराज रेल मण्डल ने तीर्थ यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए बसंत पंचमी पर्व के दिन 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। इसके साथ ही लगभग 200 नियमित ट्रेनें भी शहर के सभी स्टेशनों से चलाई गई। जिससे लाखों की संख्या में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया गया।

**गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक किया गया स्पेशल ट्रेनों का संचालन**

महाकुम्भ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष महाकुम्भ में बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। जिनके सुगम और सुरक्षित आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने लगभग 200 नियमित और 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। मेला स्पेशल ट्रेनें शहर के सभी स्टेशनों से दिशावार गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक चलाई गई। लखनऊ, रायबरेली के लिये प्रयाग, फाफामऊ स्टेशन से तो वाराणसी की ओर जाने के लिए रामबाग और झूंसी स्टेशन से स्पेशल ट्रेने चलाई गई। दिल्ली, आगरा और कानपुर की ओर प्रयागराज जंक्शन और सूबेदारगंज से, जबकि सतना, मैहर, मानिकपुर दिशा के लिए नैनी और छिवकी स्टेशन से ट्रेनों का संचालन किया गया। अनुमान के मुताबिक बसंत पंचमी पर्व पर लगभग 10 लाख यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचा गया।

**प्रयागराज जंक्शन से सबसे अधिक 55 मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई गई**

प्रयागराज रेलेव के वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व के लिए प्रयागराज जक्शंन से सबसे अधिक 55 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। जबकि छिवकी से 11, नैनी जंक्शन से 2 और सूबेदारगंज से 8 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। वहीं उत्तर रेलवे के प्रयाग और फाफामऊ स्टेशनों से लगभग 15 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। वाराणसी की ओर जाने के लिए रामबाग और झूंसी स्टेशनों से क्रमशः 6 और 9 ट्रेनों का संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के लिए पूर्वनियोजित तरीके से यात्रियों को दिशावार कलर कोडेड आश्रय स्थलों के जरिये प्लेटफार्म पर पहुंचाया गया। रेलवे के कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी और निर्देश जारी कर सफल क्राउड़ मैनेजमेंट किया गया।

# पीएम कुसुम योजना के तहत लगाए गए सोलर पंप के नियम विरुद्ध कार्य पर वापिस जमा होगी अनुदान राशि : उत्तम सिंह

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** प्रदेश में किसानों की फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने व खेती बाड़ी में लागत खर्च को कम करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा इन योजनाओं के तहत विभिन्न प्रकार की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा सोलर पंप लगाने के लिए किसानों को पीएम कुसुम योजना के तहत विशेष अनुदान दिया जा रहा है, ताकि किसानों पर ज्यादा वित्तीय बोझ न पड़े और उन्हें



पारंपरिक पम्पों से छुटकारा मिल सके । उपायुक्त उत्तम सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को इस प्रकार की शिकायतें मिल रही हैं कि कई किसानों ने अपने सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टमों को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है या निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर स्थापित कर उन्हें अन्य किसी कार्यों में उपयोग में लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगाने की स्वीकृति दी जाती है तो उस समय किसानों से यह लिखित रूप में लिया जाता है कि वे अपने यहां लगने वाले सोलर पंप को ना तो किसी अन्य व्यक्ति को बेचेंगे व ना ही उसे अन्य जगह शिफ्ट करेंगे। यदि वे ऐसा करेंगे तो सरकार उन्हें दी गई अनुदान राशि वापिस ले सकती है। उन्होंने बताया कि जिला के सब्सिडी प्राप्त किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे किसी भी नियम विरुद्ध कार्य करने से बचें व ना ही किसी के बहकावे में आये। उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा समय समय पर मौके पर जाकर औचक निरीक्षण भी किया जाता है।

# विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के प्रयास लाए रंग, घरौंडा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम होगा देवी अहिल्या होल्कर विद्यालय

## क्षेत्र की लंबे समय से थी मांग, विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जारी किए आदेश

**करनाल बीटू संधू**

**हरियाणा।** विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण के प्रयास आखिरकार रंग लाए और घरौंडा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर विद्यालय रखा जाएगा। इस संबंध में हरियाणा के विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि क्षेत्र की यह लंबे समय से मांग थी कि विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर रखा जाए। विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से यह संभव हुआ है।



विद्यालय शिक्षा निदेशालय का आदेश जारी होने पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने समस्त विधानसभा वासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर रखे जाने के आदेश जारी हुए हैं। हमारे महापुरुष सदा से हमारे आदर्श रहे हैं। देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर विद्यालय का नामकरण होना बेहद खुशी की बात है। यह निश्चित रूप से हमें और आने वाली युवा पीढ़ी को प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र वासियों की भी यह लंबे समय से मांग थी, उन्हें इस बात की बेहद खुशी है।

# विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर वॉकथॉन का आयोजन

**करनाल सुखवींफर सोही**

**करनाल।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में अमृतधारा माई अस्पताल, उजाला सिग्नस ग्रुप, क्टअ करनाल, इनकम टैक्स विभाग, नगर निगम करनाल, रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा सिविल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, केवीए डीएवी वीमेन कॉलेज, भारत विकास परिषद् एवं जेसीआई करनाल एजाइल के सहयोग से कैंसर जागरूकता, रोकथाम और प्रारंभिक पहचान को बढ़ावा देने के लिए 4 फरवरी, 2025 को वॉकथॉन का आयोजन किया गया। करनाल के विधायक श्री जगमोहन आनंद द्वारा झंडी दिखाकर वॉकथॉन की शुरूआत की गई। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ वैशाली शर्मा ने लोगों को संदेश देकर कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. परनीत सिंह ने कैंसर की रोकथाम के उपाय और उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया। वॉकथॉन सुबह ठऋक्र के मुख्य द्वार से शुरू होकर अमृतधारा माई अस्पताल में समाप्त हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और बीमारी से प्रभावित लोगों के लिए




उपलब्ध सहायता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर विधायक श्री जगमोहन आनंद, डिप्टी इनकम टैक्स आयुक्त श्री अमन बिसला, नगर निगम आयुक्त डॉ वैशाली शर्मा, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त श्री धीरज, श्री कुलबीर मलिक सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी, अमृतधारा माई अस्पताल के निदेशक डॉ. ध्रुव गुप्ता, अमृतधारा माई अस्पताल की यूनिट हेड श्रीमती मीनू मल्होत्रा, आईएमए अध्यक्ष डॉ. रोहित सदाना, श्री सुंदर लाल दुरेजा, श्री सार्थक मित्तल, डॉ. दीप्ति शर्मा, श्री एस.एम. सिंघल एवं डॉ. वी.के. सिंगला व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास के सिद्धांत पर कर रही है कार्य: जगमोहन आनंद

## शिवाजी कॉलोनी में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप विकास कार्य हो रहे है।



विधायक जगमोहन आनंद मंगलवार को स्थानीय शिवाजी कॉलोनी में डा. संदीप कै त द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्यार, विश्वास और समर्थन का परिणाम है कि मुझे अपने क्षेत्र की सेवा करने का मौका मिला है। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि करनाल में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-कल्याण के कार्य निरंतर चलते रहें। विधायक जगमोहन आनंद ने नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों के कारण ही वे इस मुकाम तक पहुच पाए है, इसलिए हमेशा नागरिकों के ऋणी रहेंगे, इस क्षेत्र के नागरिकों का सेवक बनके काम करेगें और 24 घटे लोगों के सुख-दुख को साझा करेगें, इतना ही नहीं लोगों की आशा के अनुरूप विकास कार्य करवाए जाएगें। उन्होंने कहा कि लोगों की मूलभूत सुविधाओं को सबसे पहले पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 100 दिन के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकसित भारत के चार स्तम्भ युवा, किसान, महिलाएं व गरीबों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसानों के कल्याण के लिए लगातार नई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाया जा रहा है। युवाओं को पारदर्शी मेरि।

# एडीसी ने किया नीलोखेड़ी ब्लाक के दो प्ले वे स्कूलों का निरीक्षण

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने आज नीलोखेड़ी खंड के गांव बुटाना और संधीर में प्ले स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बुटाना में 16 और संधीर में 14 बद्यचों मौजूद मिले।



गांव के लाभार्थियों यथा-गर्भवती, धात्री, जीरो से 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों से बातचीत की और फीडबैक लिया। श्री जालुका ने आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले लाभार्थियों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकताओं से विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। केंद्रों की सुरक्षा और स्वच्छता जांची तथा उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसका जायजा लिया। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड डाटा चेक कर पोषण ट्रैकर ऐप का निरीक्षण किया। राशन की गुणवत्ता और मात्रा को चेक करने के लिए गठित पांच सदस्य कमेटी के बारे में पूछताछ ली। उन्होंने अभिभावकों की समस्याओं को सुना और उनसे अपील की कि वे बद्यचों को रोजाना आंगनबाड़ी केंद्र में भेजें। उन्होंने बद्यचों को सरकार द्वारा दी जा रही हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीडीपीओ डॉ राजबाला मोर, सुपरवाइजर पूनम, अलका, आंगनवाड़ी वर्कर कंचन और संतोष के अलावा सरपंच व पंच मौजूद रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महाकुंभ मेला प्रयागराज में तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महाकुंभ मेला प्रयागराज में तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पैनल अधिवक्ता, मुकेश कुमार,पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार गौड़, व फ्रंट ऑफिस कार्डिनेटर बलकार सिंह ने हैल्प डेस्क लगाकर विद्यार्थियों, कर्मचारियों व जनसाधारण को राज्य स्तर, जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी और नालसा द्वारा प्रकाशित विभिन्न सामाजिक व कानूनी विषयों की पुस्तकें वितरित की। पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार ने बताया कि कोई भी



गरीब व्यक्ति, महिला, बच्चा, बुर्जुग, आपदाग्रस्त, एस सी, एस टी, अपंग, किन्नर, एच आई वी पीड़ित, स्वतंत्रता सेनानी इत्यादि वर्ग मुफ्त कानूनी सेवाओं के हकदार है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत के किसी भी राज्य का निवासी संबंधित राज्य स्तर, जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर मुफ्त कानूनी सेवाएं प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा नालसा के हेल्पलाइन नं 15100 पर संपर्क करने भारत के किसी भी इलाके से मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है।

**बॉक्सः– नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को : इरम हसन**

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला न्यायालय करनाल में आठ मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अदालत में लंबित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इसमें प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे रखकर उनका नि?

# गऊओं की सेवा करने से मिलता है मन को सुकून : हरदीप राणा

## मानवता जनशक्ति फाउंडेशन गौवंश के लिए सब्जियों का भंडारा लगाकर निभाई सेवा

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मानवता जन शक्ति फाउंडेशन की टीम ने गौकर्ण गौ चिकित्सालय (बेसहारा गोवंश सेवार्थ) दनियालपुर नजदीक बुड्ढा खेड़ा करनाल में गोवंश के लिए सब्जियों का भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा और उनकी टीम ने पहुंचकर गऊओं की सेवा कर पुण्य प्राप्त किया। इसके लिए हरदीप राणा ने दिनेश गौकर्ण व उनकी समस्त टीम को बधाई दी और कहा कि उनके द्वारा जो यहां पर गोवंश के रखरखाव की व्यवस्था की गई है वह बहुत ही प्रशंसनीय है। क्योंकि गौवंशों की सेवा करने से जहां पुण्य की प्राप्ति होती है वहीं अपने द्वारा किया गया सेवा भाव का कार्य मन को सुकुन देता है। इस अवसर पर हरदीप राणा ने समाजसेवा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों से अपील की कि वह भी यहां आकर पुण्य के भागी बने और गौवंशों की सेवा करते रहे। सनातन धर्म में गऊओं की सेवा सबसे बड़ी सेवा मानी गई है। जानकारी देते हुए दिनेश गौकर्ण ने बताया कि जिन भी बच्चों के जन्मदिन होते है वो अपने माता-पिता के साथ यहां आकर हरा चारा, सब्जियां, गुड आदि खिलाकर अपना जन्मदिन मनाते है। इस अवसर पर संस्थापक हरदीप राणा, अनुराधा काम्बोज, संजय वर्मा, सुशील राणा, अनिल चौहान, कर्ण उपस्थित रहे।



**गौवंश को सब्जियों का भंडारा लगाकर सेवा निभाते हुए मानवता जनशक्ति फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा व पदाधिकारी।**

# सैदपुर विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।

**खरखौदा :** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तहत प्लेसमेंट सेल, कैरियर काउंसिल सेल और आउटरीच सेल के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय भ्रमण हेतु राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैदपुर के प्रधानाचार्य सुरेंद्र दहिया व अध्यापिका सुमन के साथ 19 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय में स्थापित विभिन्न विषयों से संबंधित प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान इत्यादि का दौरा किया। विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति से अवगत कराया और उन्हें विषयों से संबंधित जानकारी दी गई। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने विद्यार्थियों को नए शिक्षा नीति में आने वाले विषयों की जानकारी दी। इस अवसर किरण सरोहा, विनोद मलिक, गीता शर्मा और संगीता मान आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।

# वसंत पंचमी पर लखी राम स्कूल में हवन यज्ञ के साथ की गई मां सरस्वती की पूजा



वसंत पंचमी पर हवन करते स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी ।

**खरखौदा :** लखीराम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल हलालपुर में वसंत पंचमी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और मां सरस्वती की पूजा हुई। हवन यज्ञ में स्कूल के विद्यार्थियों और अध्यापक गणों ने आहुति डाली। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बताया कि इस हवन का उद्देश्य बच्चों में सद्बुद्धि का विकास करना और अपनी संस्कृति से जुड़े रहना है। उन्होंने बताया कि वसंत पंचमी के दिन ही किसानों के मसीहा रहबरे आजम दीनबंधु चौधरी छोटू राम की जयंती भी मनाई जाती है। इस अवसर पर अध्यापकों व प्रधानाचार्य ने चौधरी छोटू राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# शहर के डबल स्टोरी रोड पर सीवरेज ऑवरफ्लो की समस्या का तुरंत समाधान करें नगर निगम अधिकारी : उपायुक्त

- **शहर में सीवरेज की समस्याओं को लेकर संयुक्त आयुक्त करें संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक, उपायुक्त ने दिए निर्देश**

सोनीपत, फरवरी : उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने नगर निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शहर के डबल स्टोरी रोड़ पर सीवरेज ऑवरफ्लों की समस्या का तुरंत समाधान करें ताकि लोगों के घरों के आगे सीवरेज का पानी इक्ट्ठा न हो और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का समाधान करने के लिए अगर इस पानी को किसी दूसरी सीवरेज लाईन में डालना पड़े तो तुरंत इसकी व्यवस्था करें।



उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने नगर निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने डबल स्टोरी रोड़ पर सीवरेज पानी की निकासी को लेकर आ रही समस्या का समाधान करने के लिए नगर निगम अधिकारियों के साथ संबंधित क्षेत्र का दौरा किया और वहां पर उत्पन्न समस्याओं के कारणों के बारे में जाना और उसे तुरंत दूर करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार के साथ सारंग रोड़, ओल्ड डीसी रोड़, गांव शाहपुर तुर्क, बाबा नगर के बारे में भी चर्चा करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि शहर की सीवरेज पानी की निकासी की समस्याओं को लेकर एक बैठक लें और पता लगाएं कि कहां-कहां परेशानी है और उसके कारणों का पता लगाकर उसको दूर करने के लिए कार्य करें।

इस दौरान उन्होंने लोगों से भी बात की तो लोगों ने बताया कि रोहतक रोड़ फ्लाईओवर के नीचे अवैध मीट की दुकाने लगाई जाती है और ये दुकानदार वेस्टेज को सीवर में डाल देते हैं जिससे खाने के लिए यहां चूहों ने सीवरेज लाईन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। लोगों द्वारा बताएं गए कारणों को लेकर उपायुक्त ने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए कि डबल स्टेरी रोड़ पर फ्लाईओवर के नीचे स्थित अवैध मीट की दुकानों को तुरंत बंद करवाएं। इस मौके पर नगर निगम के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

**सोनीपत :** मुख्यमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी डीआईजी पंकज नैन ने कहा कि नशे के विरूद्ध युवाओं में अलख जगाने के लिए 9 फरवरी को दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(डीसीआरयूएसटी) मुरथल में आयोजित की जा रही सोनीपत हॉफ मैराथन के लिए अब तक 15 हजार से ज्यादा लोग अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिला के प्रत्येक युवा की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी शैक्षणिक संस्थाएं इसमें बढ़चढकर भाग लें और अपने सभी बच्चों का मैराथन के लिए पंजीकरण करवाएं ताकि नशे के विरूद्ध यह मैराथन पूरे देश व प्रदेश में अलख जगाए। मैराथन की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी डीआईजी पंकज नैन व उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में सभी अधिकारियों की बैठक लेकर मैराथन को लेकर की जा रही तैयारियों की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हॉफ मैराथन को लेकर प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप देते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। हॉफ मैराथन में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे और धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला सोनीपत में हॉफ मैराथन का भव्य आयोजन पूर्व के सभी हुए मैराथन आयोजनों से बेहतर रहेगा। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि हॉफ मैराथन रूट को साफ-सूथरा बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि मैराथन रूट में पीने के पानी, खाने के फल, शौचालय के साथ-साथ सभी व्यवस्थाएं पूरी की जा रही है। इसके अलावा रूट पर सौंदर्यीकरण का भी काम किया जाएगा। इस हॉफ मैराथन में भाग लेने वाले धावकों को दौड? में किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। रजिस्ट्रेशन का कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैराथन में भाग लेने वाली पंचायतों के लिए अलग से ईनाम की घोषणा की गई है।

# यमुना नदी के मीमारपुर घाट पर डीसीआरयूएसटी ने चलाया स्वच्छता अभियान

सोनीपत, फरवरी : मुख्यमंत्री के बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान के पूर्व ओएसडी डा. योगेंद्र मलिक ने कहा कि आज देश के युवाओं के अंदर देश भक्ति की लो को जलाने वाले दीनबंधु छोटू राम की जयंती के साथ साथ वीर गोकुला जाट की जयंती भी है। समर वीर गोकुला जाट ने ही मुगल शासन के खात्मे की शुरूआत की थी। दीनबंधु छोटू राम जयंती के अवसर पर दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में दीनबंधु छोटू राम जयंती के अवसर पर मिमार पुर घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस






मिमार पुर घाट पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए

अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान के पूर्व ओएसडी डा.योगेंद्र मलिक व सामाजिक व राष्ट्रीय विचारक राजेश गोयल मुख्यातिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डा.अश्वनी खासा थे।

डा.योगेंद्र मलिक ने कहा कि समरवीर गोकुला का जन्म औरंगजेब के समय में हुआ। औरंगजेब ने जब यह तय किया कि व मथुरा में मंदिर को तोड़ेगा, उस समय ब्राह्मणों की पंचायत हुई। उस पंचायत को समरवीर गोकुला को अपना नेता माना। समरवीर गोकुला ने कहा कि वे इस मंदिर को गिरने नहीं देगें। 20 हजार की सेना बनाई। समरवीर गोकुला के लिए औरंगजेब अपने राजमहल से बाहर निकला था। उन्होंने किसानों को संगठित किया और मुगलों को मालगुजारी देने से इनकार कर दिया, जिसके कारण 10 मई 1666 को तिलपत में युद्ध हुआ जिसमें उनकी की विजय हुई। समरवीर गोकुला ने मुगल शासन के विरुद्ध कई लड़ाइयाँ लड़ीं और कई बार जीत हासिल।

कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति प्राचीन व महान है। हमारी संस्कृति हमें जल संरक्षण व प्रकृति का संरक्षण करना सिखाती है। हमारे ग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है। अपने संबोधन में कहा कि ऋग्वेद के 10वें मंडल में जल के बारे में कहा गया है कि हे जल। आप जो सुख को उत्पन्न करने वाले आधार हैं।

वे आप हमें उत्तम बल देने के लिये अन्न झ्र संचय करें; पवित्र और रमणीय आत्मज्ञान के लिए हमें सुरभित रखे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा.अजय कुमार गर्ग ने कहा कि ऋग्वेद में कहा गया है कि हे शांतिप्रद जल! आप जिन रोगों के विनाश के लिये हमें प्रसन्न करते हो, उनके विनाश की इच्छा से हम तुम्हें स्वीकार करते हैं, आप हमारी वंशवृद्धि करे।

# मां मोक्षदायिनी सभी तरह की मनोकामना पूरी करती है : आनंद किशोर दीपक



**बिहार।** मां मोक्षदायिनी सभी तरह की मनोकामना पूरी करती है, यह मंदिर मनहार की जागृत मंदिर है। यहां से कोई भी निराश हो नहीं लौटा है, सभी की मनोकामना पूरी हुई है। उक्त जानकारी मंदिर के संस्थापक आनंद किशोर दीपक ने दी। उन्होंने बताया कि आज मंगलवार को मंदिर स्थापना का 25 वर्ष पूरा हो गया है, इसलिए आज मंदिर का रजत जयंती मनाया जा रहा है। रजत जयंती के अवसर पर भजन कीर्तन और भंडारा का भव्य आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि माता पूजन वंदना सुबह 8 बजे से 12 बजे तक, हवन और कुमारी पूजन अपराह्न 1 बजे से 3 बजे तक, उसके बाद 3 बजे से भंडारा शुरू होगा जो भक्तगण के आने तक चलता रहेगा। संस्थापक आनंद किशोर दीपक ने बताया कि मैं अपनी माता जी के साथ देवी मां का कलश स्थापित कर पूजा करते थे, पूजा करने के क्रम में मुझे देवी मां की भक्ति जागृत हो गया और मेरी माता जी ने प्रेरणा दी कि जब देवी मां से इतनी भक्ति श्रद्धा है तो देवी मां का एक मंदिर स्थापित कर दो। यह प्रेरणा मुझे अंदर से झकझोड़ दिया और मंदिर निर्माण के लिए हौसला बुलंद कर दिया। इस हौसले के बदौलत देवी मां की कृपा से मंदिर का निर्माण हुआ। संस्थापक आनंद किशोर दीपक एक पढ़े लिखे शिक्षित व्यक्ति हैं। वे इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ एमबीए की भी शिक्षा ग्रहण किया है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के बाद मंदिर में देवी मां मोक्षदायिनी की प्राण प्रतिष्ठा पुरोहित विजय कांत झा ने किया था और आज भी वे रजत जयंती पर उपस्थित हो कर पूजा पाठ करा रहे थे। देवी मां मोक्षदायिनी मंदिर वैशाली जिला स्थित महनार के ग्राम बाघनोचा में अवस्थित है। जहां मां मोक्षदायिनी दरबार में हजारी लगाने के लिए लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। श्री आनंद किशोर दीपक ने बताया कि उनकी मां मोक्षदायिनी की सूक्ष्म रूप का दर्शन भी हुआ है। उक्त अवसर पर आगंतुक लोगों के स्वागत कार्य की जवाबदेही राहुल सिन्हा,, गोबिंद आनन्द, अमित आनंद, अजीत आनन्द, प्रशांत अभिषेक, मेहुल आनन्द के हाथों में सौंपी गई थी। श्रीमती एवं श्री आनंद किशोर दीपक, पंकज किशोर रूपक, मधुकर वर्मा सुपुत्र स्व सीताराम प्रसाद वर्मा, माता स्वर्गीय अबा रानी वर्मा ने लोगों को रजत जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोगों से अनुरोध किया था। आज के कार्यक्रम में महनार के स्थानीय विधायिका बिना सिंह पूर्व सांसद राम किशोर सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि सिंह जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता उपेंद्र प्रसाद वीणा कुमारी जैसवाल अधिवक्ता उपस्थित लोगों में प्रमुख थे।

# युवती ने बाइक सवार युवक की सरेराह की पिटाई, वीडियो वायरल

■ उरई

कालपी कोतवाली के यमुना पुल पर एक युवती के हँगामा काटने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हों रहा हैं, यह वीडियो कब का हैं यह स्पष्ट नहीं हों सका लेकिन यह सोमवार का ही बताया जा रहा हैं,युवती कानपुर देहात की रहने बाली बतायी जा रहीं हैं, जो युवक का पीछा करतें हुये स्कूटी से आयी थी, तथा बाईक सवार युवक को यमुना पुल पर रोक कर उस पर टूट पड़ी, युवतो सोशल मीडिया में उस का अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगा रहीं थी, उस कहना था,कि उक्त युवक



द्वारा उस का अश्लील वीडियो वायरल कर दिया जिस से उस की शादी टूट गयी, युवती यमुना में कूदने की धमकी भी दें रहीं थी, तमाम भीड़ मौड़े पर एकत्र हों गयी, लोगों ने समझा बुजा कर युवती को किसी तरह शांत कराया।

# अधिशासी अभियंता द्वितीय ने टाउन बिजलीघर का किया निरीक्षण

■ जालौन-उरई

अधिशासी अभियंता द्वितीय महेंद्रनाथ भारती ने टाउन बिजलीघर का निरीक्षण किया और नगर की बिजली आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही ओटीएस योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना के बारे में प्रेरित करने के निर्देश एसडीओ को दिए।

स्थानीय 132 केवी उपकेंद्र में स्थापित 40 एमवीए के ट्रांसफार्मर के सेंट्रफ्यूजिंग का काम चल रहा है। बिजलीघर में काम होने के चलते नगर में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। बिजली विभाग ने 31 जनवरी से चार फरवरी तक काम होने के कारण अपराह्न दो बजे से सायं छह बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहने की उपभोक्ताओं को सूचना दी थी। इसके बाद भी बिजली विभाग प्रयासरत है कि उपभोक्ताओं को दिक्कत न हो और उन्हें अधिक से अधिक बिजली दी जा सके। इसलिए दिए गए समय से भी कम कटौती की जा रही है। बिजलीघर में चल रहे काम का निरीक्षण करने के लिए अधिशासी अभियंता द्वितीय महेंद्रनाथ भारती उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने बिजलीघर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिजलीघर में लगी मशीनों व उनके रखरखाव को देखा। चल रहे कार्य की भी प्रगति देखी और आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि गर्मी के मौसम से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ठीक कर लें। ताकि गर्मी के मौसम में लोड बड़ने पर दिक्कत कम से कम आए और उपभोक्ताओं को परेशान न होना पड़े। उन्होंने ओटीएस योजना की भी समीक्षा की। एसडीओ ने बताया कि उपकेन्द्रों को 22686 उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराने का लक्ष्य मिला था। लेकिन अभी तक 2410 बकाएदारों का पंजीकरण हो सका है। उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को प्रेरित करने के लिए जागरूकता अभियान और अधिक से अधिक उपभोक्ताओं का योजना में पंजीकरण कराने के निर्देश एसडीओ को दिए। इस मौके पर एसडीओ राम सुधार, जेई नवीन कंजोलिया, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, शशिभूषण भरद्वाज आदि मौजूद रहे।

# कारस देव की पावन जन्म स्थली झांझ राजस्थान के लिए भक्त गण अपने पैतृक गांव से लेट-लेट कर निकले

■ जालौन-उरई



विकास खंड जालौन के ग्राम चरसौनी से कुछ भक्त कारस देव की पावन जन्म स्थली झांझ राजस्थान के लिए सोमवती अमावस्या के दिन से अपने पैतृक गांव चरसौनी से पैंड़ भरते हुए (लेट लेटकर) निकले हैं। नगर में आगमन पर रामअनुग्रह सिंह उर्फ गुड्डू प्रधान ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

पैंड़ भरकर कारस देव की पावन जन्मस्थली जाने वाले भक्तों में यात्रा की अगुवाई कर रहे बृजमोहन पाल ने बताया कि इससे पूर्व वह पांच बार पैदल राजस्थान के झांझ की यात्रा कर चुके हैं। अबकी बार वह पैंड भरते हुए जाएँगे। उनका संकल्प है कि वह इस यात्रा को 100 दिन में पूरी कर लें। उनके साथ उनके साथी अनिरुद्ध सिंह गुर्जर, गोविद सिंह, दिव्यांशु गुर्जर निवासीगण चरसौनी, ओंकार सिंह पनेहरा, रिंकू गुर्जर बाबई व आदित्य सरसाई भी उनके साथ पैंड़ भरते हुए जा रहे हैं। इस भक्ति भाव से भरी यात्रा में उनके सहयोग के लिए उनके साथ गुरदयाल चरसौनी, बबली गुर्जर सरसई, मानवेंद्र पाल चरसौनी भी यात्रा में साथ चल रहे हैं। बताया कि झांझ पहुंचकर कारस देव की जन्म स्थली पर पूजन अर्चन कर वहां से ज्योति जलाकर पैदल ही अपने गांव के लिए प्रस्थान करेंगे। पैदल यात्रा 10 दिन में पूरी होने की उम्मीद है। गांव पहुंचकर अखंड ज्योति जलाएंगे। नगर में यात्रा के पहुंचने पर रामअनुग्रह सिंह उर्फ गुड्डू प्रधान बिरहरा ने उन्हें अपने निवास पर रात्रि विश्राम कराया और भोजन आदि की व्यवस्था की। साथ ही अगले दिन फूल मालाएं पहनाकर उन्हें आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। इस मौके पर पुनीत मित्तल, बालजी बिरहरा, छोटे साहब दमा, श्यामू गुर्जर, रमेश बाबा, कौशल किशोर, अनिल कुमार, राजेंद्र, जगजोत गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# नौ कुंडीय सीताराम महायज्ञ एवं भागवत कथा की निकाली भव्य शोभा यात्रा

■ जालौन-उरई



पेट्रोल पंप स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर पर नौ कुंडीय सीताराम महायज्ञ एवं भाागवत कथा के साथ ही बड़ी माता मंदिर पर भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन नगर में बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के समय समूचा नगर भक्ति रस में डूबा नजर आया।

नगर के प्रमुख हनुमानजी के मंदिर श्री वीर बालाजी हनुमान मंदिर में नौ कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के साथ श्रीराम लीला महोत्सव व श्रीमद्भागवत कथा का साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इसके साथ ही नगर के बड़ी माता मंदिर परिसर में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन कार्यक्रम स्थल से भव्य व विशाल शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जो छोटी माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, नाना महाराज मंदिर, काली माता मंदिर, सरस्वती माता मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, से होकर पुनः कथा स्थल पर पहुंची। विभिन्न देवी देवताओं की झांकियों को रथों पर सुसज्जित किया गया था। साथ ही बैंड बाजे पर बज रहे भजनों की ध्वनि पर भक्त जयकारे लगाते व नृत्य करते हुए आगे बड़ रहे थे। महिलाएं भी सिर पर कलश लेकर भक्ति के रस में सराबोर होकर आगे बड़ती हुई नपजर आई। भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा का जगह जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर कमलेश पुजारी, कथा व्यास पंडित हरप्रसाद महाराज, पंडित अनुराग चंसौलिया, शकुन देवी, रामनिवास सिकरवार, श्रीसीताराम महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित रामबाबू त्रिपाठी, प्रधान जड़मान किशोरी देवी व प्रेमबाबू शर्मा, नवदुर्गा सेवा सामिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव, मानिकचंद्र साहू, दीपक पाटकार, सामी गुप्ता, पप्पू राठौर, शैलेंद्र श्रीवास्तव, संदीप अग्रवाल, श्यामजी गुप्ता, शेखर कुशवाहा, शीतोष गुप्ता, मोनू गुप्ता, बालमुकुंद चौरसिया, मनीष धूसर, हरि विश्नोई, जीतू गुप्ता, दीपू पोरवाल, गोपाल बिश्नोई, शिवम गुप्ता, राहुल साहू, श्याम विश्नोई, पुनीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

■ कोंच



कोतवाली पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाकर 7 वाहनों का चालान किया। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय के निर्देश पर मंडी चौकी प्रभारी नीतेश कुमार उपनिरीक्षक मनीष तिवारी और आबिद खान ने नगर के मुख्य मारकंडेश्वर तिराहे पर पुलिस बल के साथ वाहनों की सघन चैकिंग की। चैकिंग के दौरान प्रपत्र पूर्ण न होने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करने पर पुलिस ने 6 बाइकों सहित 1 कार का चालान कर 21 हजार 500 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूले।पुलिस ने वाहन चालको को सख्त निर्देश दिए कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करे वही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाए।

## परिवार परामर्श टीम ने 4 परिवारों में समझौते करा कर बिखरने से बचाया

उरई। परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 04 परिवारों के समझौते करा कर बिखरने से बचाया गया । महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिगं की गयी । जिसके परिणामस्वरुप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई–झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी–खुशी साथ रहने की बात कही गयी।

# जालौन प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का 6 से होगा आगाज

■ जालौन-उरई

आगामी छह फरवरी से जालौन प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का आगाज होगा। इससे पूर्व छत्रसाल मैदान पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टर्फ पिच बिछाकर उसका पूजन किया गया।

क्रिकेट प्रेमियों के लिए नगर में जालौन प्रीमियर लीग की शुरूआत पिछले वर्ष की गई थी। पिछले वर्ष आशेजित हुए टूर्नामेंट में रिकॉर्ड दर्शक खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे। इस वर्ष दूसरे सीजन का आगाज आगामी छह फरवरी दिन गुरूवार से होगा। इसको देखते छत्रसाल मैदान की साफ सफाई करा दी गई है। साफ सफाई के साथ ही पिच तैयार की गई है। इस बार खिलाड़ियों के लिए टर्फ विकेट पिच तैयार की गई है। आयोजक गौरीश द्विवेदी ने बताया कि खिलाड़ियों को राष्टीय और अंतर्राष्टीय पिच का अहसास कराने के लिए टर्फ विकेट (कृत्रिम घास से बनी पिच) बनाई गई है। ताकि गेंदबाज और बल्लेबाज दोनों को ही बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। पिच बनाने के बाद पिच का पूजन वैदिक विधि विधान के साथ और नारियल तोड़कर किया गया। गुरूवार से आयोजित होने वाले टूर्नामेंट में उद्घाटन मैच प्रभाकर एकेडमी उरई और किंग्स लीजेंड औरैया के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर आयोजक गौरीश द्विवेदी, पिच क्यूरेटर उत्तम विश्वकर्मा, सोनू चौहान, सैयद सरबर अली, धर्मेंद्र प्रधान, पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, जाकिर सिद्दीकी, नफीस, वकील, अशोक साहू, हकीम राइन, रिषभ प्रताप सिंह, सूड़ी फहीम, हसनैन, राज मंसूरी, तारिक शाह, फरीद बाबा, शाहरुख़ खान आदि मौजूद रहे।

# सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ महासचिव ने बजट को सराहा

■ कानपुर



बजट 2025 में 12 लाख तक की वार्षिक आय को करमुक्त करने की घोषणा सराहनीय कदम है । इससे मध्यम आय वर्ग के कर्मचारियों को आयकर में राहत मिलेगी ।

उक्त बातें सोमवार को दैनिक स्वदेश से बातचीत में सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के महासचिव साधू सिंह ने कहीं। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाले ब्याज की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख करने की केन्द्रीय बजट में घोषणा की गई है। इसके साथ ही एमएसएमई उद्योग व स्टार्ट अप को बढ़ावा देने की घोषणा भी स्वागत योग्य कदम है । इससे युवाओं में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कुछ जीवन रक्षक दवाओं को करमुक्त करना भी स्वागत योग्य कदम है। इससे आमजन लाभान्वित होगा।

कुल मिलाकर यह वजट मध्यम वर्ग के लिए अच्छा होने वाला है। इसलिए सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ इस वजट का स्वागत करता है।

## बाइक खरीदी के विवाद में हुई मारपीट

**कोंच।** पुरानी मोटर साइकिल खरीद को लेकर दो पक्षों में वाद विवाद हो गया इतना ही नही देखते ही देखते दोनो पक्षो के बीच मारपीट होने लगी।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला पटेल नगर निवासी ट्रैक्टर मिस्त्री नसीम पुत्र अब्दुल हमीद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते 5 वर्ष पूर्व उसने 30 हजार रुपये में एक पुरानी प्लेटना बाइक गांधी नगर निवासी बंटी बाल्मीकि से खरीदी थी। उक्त बाइक बंटी ने फाईनेंस पर ली थी और बंटी द्वारा समय से किश्त जमा न करने पर बीते दिनों फाईनेंस वाले उससे बाइक ले गए थे। शिकायत पर बंटी ने उसे सौदा खत्म कर रुपये वापस करने की बात कही थी लेकिन अब तक उसे रुपये वापस नहीं दिए गए। रविवार की दोपहर वह मेन रोड पर महाकालेश्वर मिष्ठान्न के पास अपनी दुकान पर था तभी बंटी अपने तमाम साथियों के साथ आया और गाली गलौज कर लाठी डंडे से उसकी मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने आए पड़ोसी दुकानदार अकबर, पप्पू और सलीम भी घायल हो गए। पीड़ति नसीम ने घटना को लेकर पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# बार संघ चुनाव की नामांकन प्रक्रिया संपन्न

## अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन पत्र दाखिल किए गए

■ कोंच



बार संघ चुनाव का बिगुल बज गया आज नामांकन पत्र दाखिल के लिए सुबह से ही अधिवक्ताओ मे गोटे सरकाना शुरू कर दी थी।एसोसिएशन चुनाव में अलग अलग पदों पर पर्चे जमा किए गए।

ऐल्डर्स कमेटी के वरिष्ठ सदस्य संतोष कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में चुनाव अधिकारियों कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह गुर्जर, अवधेश कुमार द्विवेदी, महेंद्र सिंह निरंजन, पुरुषोत्तमदास रिछारिया, नरसिंह गहरवार और ओमप्रकाश अग्रवाल द्वितीय की देखरेख में सुबह साढ़े 10 बजे से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। अध्यक्ष पद पर 3 लोगों राकेश कुमार तिवारी, अमरबाबू पाठक एवं रामशरण सिंह कुशवाहा ने नामांकन भरे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामहरि कुशवाहा एवं मुहम्मद अफजाल खान ने पर्चा दाखिल किए। उपाध्यक्ष 10 साल से अधिक के दो पदों के लिए सईद अहमद मंसूरी, रामबिहारी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष 10 साल से कम के एक पद के लिए इंद्रजीत सिंह राठौर व सोनू वाजपेयी ने नामांकन भरे। महामंत्री पद पर विनोद निरंजन सेता और दीपक मिश्रा तथा संयुक्त सचिव के तीन पदों पर शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार यादव व गजेंद्र सिंह अहिरवार ने पर्चे भरे। कोषाध्यक्ष पद पर वरुण चड्ढा, शशांक श्रीवास्तव, एवं सौरभ मिश्रा ने नामांकन दाखिल किए। सामान्य सदस्य वरिष्ठ के 6 पदों पर योगेंद्र कुमार अरूसिया, अशोक कुमार तिवारी, लालजी सिंह गुर्जर, ओमप्रकाश कौशिक, रामनरेश त्रिपाठी, नवलकिशोर जाटव तथा सामान्य सदस्य कनिष्ठ के 6 पदों पर अमित रावत, राघवेंद्र सिंह निरंजन, अनिल कुमार वैद, मनोज कुमार, मनोज कुमार दूरवार एवं मंगल सिंह ने नामांकन दाखिल किए हैं।

सार समाचार

### पाक सशस्त्र बलों पर आतंकी हमला, पांच की मौत




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को हुए एक आतंकी हमले में अर्द्धसैनिक बल के चार जवानों सहित पांच लोगों की मौत हुई है। यह घटना दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले में हुई। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के अर्द्धसैनिक बल के जवान एक निजी चालक के साथ जिले की दरबान तहसील में चोरी हुए ट्रक को बरामद करने जा रहे थे, तभी उन पर घात लगाकर हमला किया गया। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कहा कि देश को निशाना बनाने वाले दोस्त के भेष में देश के दुश्मनों को हराकर रहेंगे।

### विरोध प्रदर्शन किया तो होगी सख्त कार्रवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पीटीआई अगर आठ फरवरी को विरोध प्रदर्शन करती है, तो सरकार इसके खिलाफ सख्त कदम उठाएगी। उस दिन लाहौर में चैंपियंस ट्रॉफी का मैच भी होने वाला है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नकवी का यह बयान तब सामने आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को काला दिवस के रूप में मनाने का एलान किया है। पीटीआई ने घोषणा की है कि वह पिछले साल आठ फरवरी को हुई आम चुनाव में 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

### ईरान ने किया एंटी वॉरशिप क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण



**तेहरान।** ईरान ने 1,000 किलोमीटर की रेंज वाली एक नई एंटी-वॉरशिप क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है, जो फारस की खाड़ी और ओमान सागर में अमेरिकी नौसेना के जहाजों तक पहुंच सकती है। बता दें कि यह मिसाइल ग़दर-380 टाइप एल है और इसमें एंटी-जैमिंग क्षमता भी है जो इसे दुश्मन की जामिंग प्रणालियों से बचने में सक्षम बनाती है। नौसेना के प्रमुख जनरल अली रेजा तांगसिरी ने बताया कि यह मिसाइल भूमिगत सुविधाओं से लॉन्च की जा सकती है। साथ ही इसे पांच मिनट से भी कम समय में तैयार और लॉन्च किया जा सकता है।

### नेपाल: पेय जल को टैक्स फ्री करने का किया ऐलान

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने आम लोगों के घरों में इस्तेमाल होने वाले पेयजल को कर मुक्त करने की घोषणा कर दी है। सरकार की तरफ से आम लोगों के घर में नल से प्रयोग के आने वाले पानी पर अगले आर्थिक वर्ष से कोई भी टैक्स नहीं लगने की बात कही गई है। राजधानी काठमांडू के करीब चंद्रगिरि में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्री यादव ने बताया कि जलस्रोत के मामले में विश्व के धनी देशों में से एक नेपाल में आम लोगों से पीने के पानी पर टैक्स वसूलना विडंबना है। नेपाल के केंद्रीय पेय जल मंत्री प्रदीप यादव ने अगले आर्थिक वर्ष से पानी पर कोई भी टैक्स नहीं लगने की बात कही है। अब तक किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने इस बारे में कभी न तो ध्यान दिया और न ही ही उपभोक्ताओं के हित के बारे में विचार किया।

### अमेरिका ने सोमालिया में की एयर स्ट्राइक



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार सोमालिया में इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगेस्ट ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर गोलिस पर्वत क्षेत्र में ये हमले किए गए, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सैन्य अभियान की जानकारी दी।

विद्रोहियों और सेना के बीच भयंकर संघर्ष

# कॉन्गो: नरसंहार जैसी स्थिति, एक हफ्ते में 800 से ज्यादा मौतें

एजेंसी, कांगो

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कॉन्गो के गोमा शहर में पिछले एक हफ्ते से मची हिंसा ने नरसंहार जैसी स्थिति पैदा कर दी है। इस शहर और इसके आस-पास के इलाकों में विद्रोहियों और सेना के बीच भयंकर संघर्ष हो रहा है, जिसमें अब तक 800 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि गोमा के अस्पतालों के शवगृह में 773 शव पड़े हैं। मृतकों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। यह संघर्ष मुख्य रूप से एम23 विद्रोहियों और डीआरसी की सेना के बीच हो रहा है। एम23 ग्रुप ने पिछले हफ्ते गोमा शहर पर कब्ज़ा कर लिया था। इस विद्रोही गुट को रवांडा का समर्थन प्राप्त है, जिसमें हथियारों, रसद और सैनिकों की मदद मिल रही है। इन संघर्षों में अब तक 2,880 लोग घायल हो चुके हैं। विद्रोहियों के हमले के बाद गोमा में पानी, बिजली और अन्य बुनियादी सेवाओं को बहाल करने का वादा किया गया था, जिसके बाद 1 फरवरी को सैकड़ों लोग शहर लौटे। हालांकि, उन्होंने मलबे और खून से सनी ज़मीन को साफ करने की कोशिश की। गोमा की एक निवासी जीन मार्कस ने बताया कि हिंसा में उसके एक रिश्तेदार की मौत हो गई और शहर में हर तरफ शोक का माहौल है।



#### राहत कार्य में मुश्किलें

इस भीषण संघर्ष के बीच, मानवीय संगठन गोमा में राहत कार्य कर रहे हैं। लेकिन उन्हें इस काम में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मेडिसिन्स सैन्स फ्रंटियर्स के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास दवाओं का स्टॉक खत्म हो गया है और कुछ विस्थापन शिविरों में सहायता देना भी बंद करना पड़ा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने अपने कर्मचारियों को क्षेत्र से निकाल लिया है और फिलहाल राहत कार्यों को रोक दिया है।

#### एम23 विद्रोहियों का रवांडा से समर्थन

एम23 विद्रोहियों के बारे में रिपोर्ट्स बताती हैं कि उन्हें रवांडा सरकार से पूरी मदद मिल रही है। इस समूह को लगभग 4,000 रवांडा सैनिकों का समर्थन प्राप्त है। विद्रोहियों के खिलाफ संघर्ष को और बढ़ावा देने के लिए रवांडा से हथियार, पैसा और अन्य मदद दी जा रही है।

#### क्या है इस संघर्ष की वजह?

इस संघर्ष की शुरुआत 2012 में हुई थी जब 'नेशनल कांग्रेस फॉर द डिफेंस ऑफ द पीपल' और डीआरसी सरकार के बीच एक समझौता हुआ था। सीएनडीपी के सैनिकों को सरकार की सेना में शामिल किया जाना था, लेकिन सरकार ने इस समझौते का सही तरीके से पालन नहीं किया। इस असंतोष के कारण एम23 नामक विद्रोही समूह का गठन हुआ और उसने सरकार के खिलाफ हिंसा शुरू कर दी।

मैक्सिको ने भी ट्रंप को दिया जवाब

# कनाडा का ऐलान- अमेरिकी सामान पर लगाएंगे 25 फीसदी टैरिफ

एजेंसी, मॉस्को

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एलान के बाद 25 फीसदी टैरिफ लगने पर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जवाब दिया है। पीएम ट्रूडो ने कहा कि हम भी अमेरिका को जवाब देंगे। हम 155 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। मंगलवार से 30 बिलियन डॉलर मूल्य के सामान पर यह टैरिफ लागू किया जाएगा। जबकि आने वाले 21 दिन में 125 बिलियन डॉलर मूल्य के सामानों पर और टैरिफ लगाए जाएंगे। वहीं मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने से समस्याएं हल नहीं होती हैं। मैक्सिको टकराव नहीं चाहता है। हम पड़ोसी देशों के बीच सहयोग से शुरुआत करते हैं।

**जस्टिन ट्रूडो ने यह ऐलान किया:** कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि मैं सीधे अमेरिकियों हमारे सबसे करीबी दोस्तों और पड़ोसियों से बात करना चाहता हूं। यह ऐसा विकल्प है जो कनाडाई लोगों को नुकसान पहुंचाएगा, लेकिन इस फैसले के अमेरिकी लोगों के लिए वास्तविक परिणाम होंगे। जैसा कि मैंने लगातार कहा है कि कनाडा के खिलाफ टैरिफ आपकी नौकरियों को खतरे में डाल देगा। पीएम ट्रूडो ने कहा कि राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने कई वर्ष पहले कहा था कि भूगोल ने हमें पड़ोसी बनाया है। इतिहास ने हमें मित्र बनाया है। अर्थशास्त्र ने हमें साझेदार बनाया है और आवश्यकता ने हमें मित्र बनाया है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए एक नए स्वर्ण युग की शुरुआत करना चाहते हैं, तो बेहतर रास्ता कनाडा के साथ साझेदारी करना है, न कि हम पर टैरिफ लगाना। इससे पहले ट्रूडो ने एक्स पर लिखा कि कनाडाई लोग ऐसा नहीं चाहते थे, लेकिन वे इसके लिए तैयार हैं। ट्रूडो ने इस मामले को लेकर पहले मंत्रिमंडल से चर्चा की थी। अब वे मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से बात करेंगे। अमेरिका ने 4 फरवरी से अधिकांश कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ और ऊर्जा पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही है।



#### नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल आपराधिक संगठनों से मैक्सिको का कोई संबंध नहीं

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल आपराधिक संगठनों से मैक्सिको का कोई संबंध नहीं है। अगर अमेरिका इन संगठनों से निपटना चाहता है तो हमें मिलकर काम करना चाहिए। लेकिन हमेशा साझा जिम्मेदारी, आपसी विश्वास, सहयोग और सबसे बढ़कर संप्रभुता के सम्मान के सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जा सकता। मैं समन्वय को हां कहती हूं और अधीनता को ना कहती हूं। उन्होंने साझा चिंताओं को दूर करने के लिए दोनों देशों की शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा टीमों के साथ समूह बनाने का प्रस्ताव रखा। शीनबाम ने एक्स पर लिखा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप को प्रस्ताव देती हूं कि हम अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा टीमों के साथ कार्य समूह स्थापित करें। समस्याएं टैरिफ लगाने से हल नहीं होती हैं बल्कि बातचीत और संवाद से हल नहीं होती हैं। जैसा कि हमने हाल ही में अमेरिकी विदेश विभाग के साथ मिलकर अप्रवासियों के मुद्दे पर काम किया। मैक्सिको की टीम प्रवासियों से संबंधित मामलों में अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रवासियों की गिरावट में का जो ग्राफ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, वह मेरी ही टीम ने बनाया था।

#### हमने आपके साथ लड़ाई लड़ी, आपके साथ जान भी दी: ट्रूडो

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कनाडा से आयातित लगभग सभी वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद निवर्तमान कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकियों को याद दिलाया कि उनका देश "सबसे बुरे समय" में उनके साथ रहा है, चाहे वह ईरान बंधक संकट हो या अफगानिस्तान में युद्ध, या तूफान कैटरीना और हाल ही में कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग जैसी घातक प्राकृतिक आपदाएँ। ओटावा में एक पत्रकार वार्ता से सीधे अमेरिकियों को संबोधित करते हुए ट्रूडो ने कहा कि उनके पास जवाबी उपाय लागू करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। ट्रूडो ने कहा कि नॉरमैंडी के समुद्र तटों से लेकर कोरियाई प्रायद्वीप के पहाड़ों तक, फ़्लैंडर्स के खेतों से लेकर कंधार की सड़कों तक, हमने आपके बुरे समय में आपके साथ लड़ाई लड़ी और मर गए। हमने दुनिया में अब तक देखी गई सबसे सफल आर्थिक, सैन्य और सुरक्षा साझेदारी बनाई है। हम हमेशा आपके साथ खड़े हैं। यह देखते हुए कि अमेरिका और कनाडा के बीच अतीत में मतभेद रहे हैं, ट्रूडो ने कहा कि दोनों देशों ने हमेशा उनसे निपटने का कोई न कोई तरीका निकाल ही लिया। उन्होंने कहा कि जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, यदि राष्ट्रपति ट्रम्प संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए एक नए स्वर्ण युग की शुरुआत करना चाहते हैं, तो बेहतर तरीका कनाडा के साथ साझेदारी करना है।

हमले में 19 लोगों की मौत

# रूस ने यूक्रेन पर 40 मिसाइलों और 123 ड्रोन से किया हमला

एजेंसी, मॉस्को



रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं, शनिवार को रूस ने रात भर यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों की बौछार की, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई। इन हमलों में दर्जनों आवासीय इमारतों के साथ-साथ देश भर के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। यूक्रेनी सेना ने बताया कि रूस ने 123 ड्रोन व 40 मिसाइलों से हमले किए। वायु रक्षा प्रणाली ने इनमें से 56 को मार गिराया, जबकि 61 को खदेड़ दिया। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि पोल्टावा के मध्य शहर स्थित इमारत रूसी मिसाइल की चपेट में आ गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। इनमें चार बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आपातकालीन दल रात भर काम करते रहे और उन्होंने मलबे से 22 लोगों को बचाया। टीवी फुटेज में इमारत के बाहर मलबे के ढेर से धुएं के घने गुबार उठते हुए दिखाई दिए। मलबे का एक हिस्सा धातु व निर्माण सामग्री के मुड़े हुए ढेर में तब्दील हो गया। अग्निशमन कर्मी व दर्जनों बचावकर्मी मलबे में खोजबीन कर रहे थे और मृतकों को स्ट्रेचर पर बाहर ले जा रहे थे।

**रूस के बेलगोरोद में यूक्रेनी ड्रोन हमलों में दो की मौत:** यूक्रेनी सेना ने रूस के सीमावर्ती शहर बेलगोरोद पर कई ड्रोन हमले किए। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। क्षेत्रीय गवर्नर ने बताया कि यूक्रेन ने क्षेत्र के आबादी वाले कई इलाकों पर हमले किए। रूस ने 44 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। शनिवार को यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि भारी नुकसान के चलते उत्तर कोरियाई सैनिकों को मोर्चे से हटा लिया गया है।

#### स्कूल भवन पर हमले को लेकर बयानबाजी

रूस के कुर्स्क क्षेत्र में एक बोर्डिंग स्कूल भवन पर हुए मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई। रूस के इस क्षेत्र पर पांच महीनों से यूक्रेनी सेना का नियंत्रण है। रूस व यूक्रेन ने स्कूल पर हमले के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है, जिसका डॉरमेट्री के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। रूसे सेना ने बताया कि हमले में घायल चार लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है। यूक्रेनी राहतकर्मियों ने 84 लोगों को मलबे से जिंदा निकाला है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस पर अपने ही क्षेत्र में हमला करने का आरोप लगाया है।

मार्च में संभालेंगे पदभार

# इजराइल: नेतन्याहू ने मेजर जनरल इयाल जमीर को बनाया सेना प्रमुख

एजेंसी, तेल अवीव



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मेजर जनरल इयाल जमीर को इस्राइली सेना का नया प्रमुख नियुक्त किया है। इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में इसकी जानकारी दी। जमीर इस्राइली सेना के 24वें प्रमुख होंगे, वे लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हालेवी की जगह लेंगे। हालेवी ने बीते महीने पद से इस्तीफा दे दिया था। मेजर जनरल इयाल जमीर 6 मार्च को आईडीएफ चीफ का पद संभालेंगे।

**जनरल हालेवी ने पिछले महीने दिया था इस्तीफा:** इस्राइली मीडिया के अनुसार, जनरल हालेवी ने इजराइलऔर हमास के बीच युद्धविराम के बाद अपने पद से इस्तीफा देने का एलान कर दिया था। जनरल हालेवी ने 7 अक्तूबर 2023 को हुए हमास के हमले में लापरवाही की बात स्वीकारते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। जनरल हालेवी ने मेजर जनरल इयाल जमीर को नया सेना प्रमुख बनाए जाने पर बधाई दी। आईडीएफ चीफ बनने की रेस में दो और उम्मीदवार थे, जिनमें मेजर जनरल अमीर बाराम और मेजर जनरल तामीर यादई का नाम शामिल था। हालांकि पीएम ने मेजर जनरल इयाल जमीर पर भरोसा जताया।

#### 15 महीने चला युद्ध

सात अक्तूबर 2023 को हमास ने इजराइलपर हमला किया था। इस हमले में करीब 1,200 इस्राइली नागरिक मारे गए थे। हमास ने करीब ढाई सौ लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद इन्हें गाजा ले जाया गया। इसके जवाब में इजराइलने गाजा पट्टी पर हमले शुरू किए। इस्राइली हमलों में 46,000 से ज्यादा नागरिक मारे जा चुके हैं। इस युद्ध के कारण गाजा पट्टी की 90 फीसदी आबादी को विस्थापन का सामना करना पड़ा है। वहीं, लोगों के सामने भुखमरी का संकट भी खड़ा हो गया।

### ट्रम्प ने अब भारतीय मूल के रोहित चोपड़ा को बाहर किया



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन प्रशासन के बचे हुए सदस्यों की सफाई के क्रम में उपभोक्ता वित्तीय सुरक्षा ब्यूरो के निदेशक रोहित चोपड़ा को निकाल दिया है। चोपड़ा पिछले डेमोक्रेटिक प्रशासन के अधिक महत्वपूर्ण नियामकों में से एक थे, जो 20 जनवरी को ट्रम्प के पदभार संभालने के बाद से ही इस पद पर थे। ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान, रिपब्लिकन ने चोपड़ा को संघीय व्यापार आयोग के डेमोक्रेट सदस्य के रूप में चुना था। नोटिस से परिचित एक व्यक्ति, जो इस मामले पर सार्वजनिक रूप से चर्चा करने के लिए अधिकृत नहीं था तथा जिसने नाम न बताने की शर्त पर बताया, के अनुसार चोपड़ा को व्हाइट हाउस से एक ईमेल के माध्यम से उनकी बर्खास्तगी की सूचना दी गई। चोपड़ा सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन के सहयोगी हैं, जो ट्रंप के पसंदीदा लक्ष्यों में से एक हैं, और मैसाचुसेट्स डेमोक्रेट ने एक बयान में कहा कि चोपड़ा के नेतृत्व वाली एजेंसी ने कड़ी मेहनत करने वाले परिवारों को धोखा देने के लिए वॉल स्ट्रीट को जवाबदेह ठहराया और देश भर में अमेरिकियों की बैंकिंग प्रणाली को बंद होने से रोका।

ट्रंप के बढ़ते दबदबे से निपटने की चुनौती

# अमेरिका: डेमोक्रेटिक पार्टी के नए अध्यक्ष चुने गए केन मार्टिन

एजेंसी, वॉशिंगटन



अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी ने शनिवार को मिनेसोटा में पार्टी के नेता केन मार्टिन को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया। इसके बाद अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बढ़ते दबदबे को रोकने और डेमोक्रेटिक पार्टी में फिर से मतदाताओं का विश्वास कायम करने की जिम्मेदारी केन मार्टिन के कंधों पर आ गई है। केन मार्टिन, डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष पद पर जैमी हैरिसन की जगह लेंगे, जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के बाद फिर से इस पद की जिम्मेदारी संभालने से इनकार कर दिया था। डेमोक्रेट पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद केन मार्टिन ने ट्रंप और सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी को चुनौती देते हुए कहा कि 'हम आ रहे हैं। यह एक नई डेमोक्रेटिक पार्टी है।' केन मार्टिन ने पार्टी में बड़े बदलाव करने का संकेत दिया है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की हार की समीक्षा करने की भी बात कही। डेमोक्रेट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव वॉशिंगटन में हुआ, जहां डेमोक्रेट नेशनल कमेटी के 400 से ज्यादा सदस्य इकट्ठा हुए।

#### कामकाजी वर्ग पर फोकस करने का किया वादा

केन मार्टिन ऐसे समय डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष चुने गए हैं, जब पार्टी की लोकप्रियता में लगातार कमी आ रही है। हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार, सिर्फ 31 फीसदी मतदाता ही डेमोक्रेट पार्टी को पसंद करते हैं, जबकि 43 प्रतिशत ने रिपब्लिकन पार्टी को अपनी पसंद बताया। अध्यक्ष पद के चुनाव में केन मार्टिन ने विस्कॉन्सिन से अध्यक्ष पद के दावेदार बेन विकलर को आसानी से हरा दिया। केन मार्टिन ने देश के कामकाजी वर्ग को फिर से पार्टी के साथ जोड़ने, देशभर में डेमोक्रेटिक पार्टी के संगठन को मजबूत करने का वादा किया है। साथ ही अल्पसंख्यक समूहों के प्रति डेमोक्रेट पार्टी के समर्पण से पीछे न हटने की बात भी कही। गौरतलब है कि साल 2011 के बाद डेमोक्रेट पार्टी का नेतृत्व करने वाले केन मार्टिन पहले श्वेत नेता बन गए हैं।

अध्ययन | नवजातों की अद्भुत क्षमता का खुलासा

# 4 माह के बच्चे भी पहचानते भाषाओं की ध्वनियां

एजेंसी, सिडनी

एक नए शोध में पाया गया है कि शिशु केवल चार महीने की उम्र में ही विभिन्न भाषाओं की ध्वनियों को पहचानना और समझना शुरू कर देते हैं। यह पहले की धारणा को चुनौती देता है, जिसमें माना जाता था कि बच्चे छह से 12 महीने की उम्र में अपनी मातृभाषा की ध्वनियों को पहचानना सीखते हैं।



#### ध्वनियों को पहचानने की अद्भुत क्षमता

शोधकर्ताओं के अनुसार, बच्चे शुरूआती छह महीनों में न केवल अपनी मातृभाषा बल्कि अन्य भाषाओं की ध्वनियों को भी पहचान सकते हैं। उदाहरण के लिए, अंग्रेजी बोलने वाले परिवारों में पलने वाले शिशु हिंदी या मंदारिन भाषा की ध्वनि भेद को भी समझ सकते हैं, जो व्यस्कों के लिए कठिन होता है। हालांकि, यह क्षमता हमेशा के लिए नहीं रहती। छह से 12 महीने की उम्र के बीच बच्चे केवल उन्हीं ध्वनियों पर ध्यान केंद्रित करने लगते हैं, जिन्हें वे बार-बार सुनते हैं।

#### भविष्य में फायदेमंद होगा यह शोध

बच्चों को इन ध्वनियों से जुड़े कार्टून चित्र दिखाए गए। बाद में, उन्हें बिना आवाज वाले वीडियो दिखाए गए, जिसमें लोग वही ध्वनियां बोल रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि बच्चे उन वीडियो को ज्यादा समय तक देखते थे, जिनमें ध्वनि और कार्टून से मेल खाने वाला चेहरा दिखाया गया था। यह अध्ययन उन बच्चों की पहचान में मदद कर सकता है, जिनमें बोलने में देरी का खतरा हो सकता है। इसके अलावा, यह शोध भाषा सीखने की प्रक्रिया को समझने और शिशुओं के संज्ञानात्मक विकास में नई संभावनाओं को उजागर करता है।

2000 से अधिक खुराक बनाने की तैयारी

# इबोला के कारण नर्स की मौत के बाद युगांडा में वैक्सीन परीक्षण शुरू

एजेंसी, युगांडा




युगांडा में इबोला के प्रकोप को रोकने के प्रयासों के तहत परीक्षण टीका लगाने की तैयारी चल रही है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। युगांडा वायरस रिसर्च इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक पोंटियानो कलीबू ने कहा कि कई वैज्ञानिक इबोला के सूडान वैरिएंट के खिलाफ टीके की 2,000 से अधिक खुराक बनाने के लिए रिसर्च प्रोटोकॉल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक विनियामक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रोटोकॉल में तेजी लाई जा रही है। इस टीके को अभी तक लाइसेंस नहीं मिला है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक बयान में बताया कि प्रकोप के प्रति युगांडा की परीक्षण टीके में 2,160 खुराक शामिल हैं। बयान में आगे कहा गया, निगरानी टीम के साथ काम करने के लिए रिसर्च टीमों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। इबोला के सूडान स्ट्रेन के लिए कोई स्वीकृत टीके नहीं हैं। इस संक्रमण के कारण कंपाला के मुख्य रेफरल अस्पताल में कार्यरत एक नर्स की मौत हो गई।

# वक्फ पर विपक्ष की बेवजह हठ...

अंतत : वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मंजूरी मिली ही गई.., क्योंकि लंबे समय से वक्फ बोर्ड की गतिविधियां किसी भूमाफिया से बढ़कर सामने आ रही थी.., जब केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को संसद में लेकर आई तो विपक्षी दलों ने खूब हंगामा किया और अंतत : इसे जेपीसी के पास भेजना पड़ा था... जेपीसी में विपक्षी दलों की सारी सिफारिशों को खारिज कर दिया गया... होना भी यही था कि जब जिस गड़बड़ी के सुधार के लिए पहल की जा रही है तो उसी व्यवस्था या प्रावधानों को विपक्ष किस उद्देश्य से बनाए रखने की पैरवी कर रहा था..? हालांकि सत्तापक्ष के सदस्यों की चौदह सिफारिशों को स्वीकार किया गया... इसे लेकर विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष पर अलोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाने का आरोप लगा रहे हैं... उनका कहना है कि आखिर समिति के अध्यक्ष ने उन्हीं सुझावों को स्वीकार किया, जो सरकार चाहती थी... विपक्षी सदस्यों ने संशोधन विधेयक में सुधार से संबंधित चौवालीस सुझाव दिए थे.., उनमें से एक भी विचार के लायक नहीं समझा गया... हालांकि समिति के अध्यक्ष का कहना है कि विपक्ष के सभी सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया... यानी अब एक तरह से वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी के लिए सदन में रखने का रास्ता साफ हो गया है... इस पर बजट सत्र में सोमवार को चर्चा के साथ ही इसे पुन : पेश होने की संभावना थी.., लेकिन संभवत : इसे आगे बढ़ा दिया गया है... मानसून सत्र में जब यह विधेयक लोकसभा में पेश किया गया था, तब बिना किसी बहस के इसे जेपीसी के पास विचार के लिए भेज दिया गया था... बजट सत्र में उसे संशोधन के साथ पेश किया जाएगा... हालांकि सरकार किसी विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति के सुझावों को मानने के लिए बाध्य नहीं होती... मगर लोकतांत्रिक प्रक्रिया यही है कि जब भी किसी विधेयक को लेकर आपत्ति उठे या विवाद गहरा जाए.., तो उस पर विचार के लिए जेपीसी का गठन किया जाए... उसमें सभी दलों के सदस्य आनुपातिक आधार पर शामिल किए जाते हैं... माना जाता है कि उसमें परस्पर सहमति से उन बिंदुओं को दुरुस्त कर लिया जाएगा.., जिन्हें लेकर आपत्ति उठाई जा रही है... मगर वक्फ संशोधन विधेयक के लिए गठित जेपीसी में पहले ही दिन से हंगामा शुरू हो गया... यहां तक कि एक बार हाथापाई की शिकायत भी आई... हर बैठक में विपक्षी सदस्य यह आरोप लगाते हुए बाहर निकलते थे कि उनकी बात सुनी नहीं जा रही है... अध्यक्ष वही कर रहे हैं, जो सरकार चाहती है... इसलिए पहले ही दिन से आशंका जताई जा रही थी कि विधेयक का निष्पक्ष और सर्वमान्य स्वरूप बन सकेगा..! लेकिन विपक्ष का जेपीसी को लेकर इस तरह का आरोप बेबुनियाद माना जा सकता है.., क्योंकि जब सभी मुस्लिमों को बाकायदा सूचना पत्र जारी करके वक्फ बोर्ड संशोधन को लेकर बैठक में आमंत्रित किया गया... हर तरह से सुझाव मांगे गए.., तब कोई कैसे कह सकता है कि इस को लेकर किसी तरह की गलत फहमी या एकतरफा प्रक्रिया को अपनाया गया है..? अब जब विपक्ष की जेपीसी की मांग को भी मानकर सरकार ने वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम को लेकर हर तरह की मांगे मानी है और चरणवार पूरी प्रक्रिया का पालन किया है.., तब इस पर अमल का रास्ता स्वत : ही प्रशस्त हो जाता है... अब इसमें विपक्ष के पास भी कुछ कहने या बहाना बनाने का शेष नहीं है... केवल मुस्लिम वोटों के तुष्टिकरण के लिए ही विपक्ष वक्फ को लेकर अड़ा हुआ नजर आता है...

## संतवाणी



जो कुछ भी तुमको कमजोर बनाता है - शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक उसे जहर की तरह त्याग दो।

- स्वामी विवेकानंद, आध्यात्मिक गुरु

# आओ दयालुता का भाव अपनाने का संकल्प करें

## भारत माता की मिट्टी में ही दयालुता के बीजों का भंडार है, बस से खोजकर अपनानें की जरूरत

**दयालुता हमको यथार्थवादी और अधिक सकारात्मक भी रखता हैं, जो मानवीय जीवन को सफल बनाने का सटीक मंत्र है - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**









**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारत आदि अनादि काल से ही भारत एक दयालुता मेहर मेहरबानी परोपकारी पारदर्शिता हितकारी इत्यादि अनेक अद्वितीय मानवीय सिद्धांतों के भावों वाला देश रहा है, जहां आध्यात्मिकता हर भारतीय के डीएनए में समाया हुआ है। इसलिए हम कह सकते हैं कि न केवल हर भारतीय के दिल में दयालुता का भाव गहराइयों तक समाया हुआ है, बल्कि भारत माता की मिट्टी में ही दयालुता के बीजों का भंडार है, जो इस धरती पर जन्म लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में दयालुता रूपी बीज के रूप में बो जाता है जो मानवीय आयु के बढ़ने के साथ-साथ यह दयालुता रूपी वृक्ष भी बड़ा होते जाते अपनी जड़ें मजबूत करते जाता है। हालांकि इसके कुछ अपवाद भी हैं हो सकते हैं। आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे आओ दयालुता का भाव अपनाने का संकल्प करें। साथियों बात अगर हम दयालुता की करें तो आदि अनादि का से भारत में यह मानता है कि प्रत्येक व्यक्ति को सबसे महत्वपूर्ण और अद्वितीय मानव सिद्धांतों में से एक दयालुता को प्रतिबिंबित करने और उसके अनुसरण का अवसर प्रदान करना है। दयालुता का भाव छोटे कार्यों को बढ़ावा देने और फिर लोगों को एक साथ लाने में भी मदद करता है दयालुता के भाव से अपने स्थानीय समुदाय को किताबें, भोजन या कपड़े दान करना दुखी व्यक्ति को मदद करना अपने सुखों को दूसरों के साथ मिलकर जश्न मनाने का एक शानदार तरीका है। बता दे विश्व में दयालुता का आंदोलन आधिकारिक तौर पर किसी राजनीतिक या धार्मिक आंदोलन से संबद्ध नहीं है, लेकिन अब 28 से अधिक राष्ट्र दयालुता के जन जागरण अभियान में में भाग लेते हैं। आंदोलन उम्मीद कर रहा है कि निकट भविष्य में किसी समय संयुक्त राष्ट्र द्वारा आधिकारिक अवकाश बनने के लिए एक दिन चुना जाएगा। साथियों दयालुता का एकमात्र उद्देश्य सकारात्मक शक्ति और दयालुता के सामान्य धागे पर ध्यान केंद्रित करने वाले समुदाय में अच्छे कार्यों को उजागर करना है जो हमें बांधता है। यह सीखने, सिखाने और दूसरों के साथ अपनी दया साझा करता है। दयालुता को मोटे तौर पर एक परोपकारी और मददगार कार्रवाई के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जो स्पष्ट इनाम की उम्मीद के बिना किसी या स्पष्ट दंड से बचने के लिए दूसरे की मदद करने की इच्छा से प्रेरित है बिल्कुल निस्वार्थ है। आज सभी एक कठिन युद्ध लड़ रहे है, सबके प्रति दयावान बनें यह सन्देश याद रखे।प्लैटो द्वारा दिया ये सन्देश हमें याद दिलाता है कि सभी अपने जीवन में किसी चुनौती का सामना कर रहे हैं और यह कि अपने गुस्से और झगड़ों में उलझ कर इस बात को भुला देना बहुत आसान है। ऐसा कोई काम करने से पहले जिसका किसी व्यक्ति पर नकारात्मक प्रभाव होगा, खुद से एक आसान सवाल करेःक्या यह दयापूर्ण है? यदि हम इसका सकारात्मक उत्तर नहीं दे पा रहे, तो यह हमको हमारे कृत्य और दृष्टिकोण को तुरंत बदलने की चेतावनी है। साथियों बात अगर हम दयालु बनने के कुछ तरीकों की करें तो, विनम्र बनेः यद्यपि विनम्र होना स्वयं में दयालुता का संकेत नहीं है, पर सच्ची विनम्रता हमारा उन लोगों के प्रति सम्मान दिखाती है जिनसे हम बात कर रहे है। विनम्रता लोगों का ध्यान आकर्षित करने और अपनी बात रखने का एक दयापूर्ण तरीका है। आभारी बनेंः वे लोग जो सच में दयालु हैं वे आसानी से आभार व्यक्त कर पाते हैं। वे किसी भी चीज को हलके में नहीं लेते और हमेशा मदद करने की लिए लोगों को धन्यवाद देते हैं। वे जानते हैं कि धन्यवाद कैसे कहें और हमारा मतलब भी वो ही हो, वे धन्यवाद पत्र लिखते है, और वे यह मानने में सहज होते हैं कि उनकी मदद की गयी है। वे लोग जो आभारी रहते हैं, वे लोगों को सिर्फ अपना दिन खुशनुमा बनाने के लिए भी धन्यवाद कहतें है, बजाय किसी विशेष काम को पूरा करने के लिए धन्यवाद करना। यदि हम अपने आसपास के लोगों के प्रति अधिक आभार मानने की आदत बना लेते है, तो हम देखेंगे कि हमारी दयालु होने की क्षमता बढ़ गई है। ज्यादा मुस्कुराइएः मुस्कुराना दयालुता का एक साधारण कृत्य है जिसका स्वयं में बड़ा महत्व है। अजनबियों, या अपने दोस्तों या परिचितों की तरफ देख कर मुस्कुराने की आदत बनाइये। यद्यपि हमको अपने चेहरे पे मुस्कुराहट चिपका कर नहीं घूमना है, किसी की ओर देखकर मुस्कुराने से वह भी हमारी तरफ देखकर मुस्कुराएगा, और उनके दिल में थोड़ी खुशी भी भर देगा। इस प्रकिया में हमारी दयालुता का विकास होगा। साथियों बात अगर हम मूक जानवरों पर दयालुता की करें तो, जानवरों और जीवंत संसार से प्रेम करेंः जानवरों से प्रेम और पालतू जानवरों की देखभाल दयालुता का क्रियान्वयन है। अन्य प्रजातियों की देख वाल करने के लिए कोई हमको मजबूर नहीं करता, विशेषकर आज के दिनों और युग में जब मानव प्रभुत्व के इतने शक्तिशाली साधन उपलब्ध है। और फिर, भी जानवरों को उनके ही रूप में प्यार करना और उनके प्रति आदरभाव रखना स्वयं में गहन दया का प्रदर्शन है। ये भी, कि उस संसार के प्रति दयावान होना जो हमारा पालन करके हमें बनाये रखता है, समझदारी है। हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि हम उन्ही तत्वों में जहर न फैलाएं जो हमारे स्वस्थ जीवन को सुनिश्चित करते हैं। साथियों बात अगर हम दयालुता प्रकट करने की अनेक राहों की करें तो, किसी अंधे व्यक्ति को रास्ता पार करने में सहायता करें। किसी बुरे वक़्त से गुजर रहे मित्र के लिए खाना बनाए। किसी वृद्धाश्रम जाएं और किसी ऐसे वृद्ध के साथ पत्ते खेल कर एक घंटे के आसपास का समय बिताये जिससे मिलने बहुत लोग न आते हो। अपनी चीजों का दान करेंः अपनी कुछ चीजों का दान करना दयालु बनने का एक और तरीका है। अपनी पुरानी चीजों को फेंकने या उन्हें किसी कबाड़ी को सस्ते में बेचने के बजाय, गैर जरूरती चीजों को किसी अच्छे कारण के लिए दान करें। अगर हमारे पास कपडे, किताबें, या अन्य घरेलु सामान अच्छी अवस्था में है, तो उन्हें जमा करके रखने या फेंक देने की बजाय दान करने की आदत बनाना, अपनी दया को दूसरों तक पहुचने का एक बहुत अच्छा तरीका है। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखे; अगर हम बहुत गुस्से में है तो ऐसे सब्द मत बोले जिससे किसी को ठेस पहुंचे और बाद में हमको भी बुरा लगे। शांत और शीतल बने रहे। दयालु होना हमको यथार्थवादी और अधिक सकारात्मक भी रखेगा। ऐसे किसी व्यक्ति का भारी सूटकेस उठाने में मदद करे जो उसे उठा न पा रहा हो। हम सभी को पसंद नहीं कर सकते और ये सामान्य बात है; दुनिया के सबसे अच्छे लोग भी नाराज होतें हैं! इसके बाद भी विनम्र बने रहे। साथियों दयालुता मुफ्त है, इसलिए रोज सबके साथ इसे बाटें।जब हमको पता लगे कि हमारा मित्र छुट्टियों पर जा रहा है, तो उसके पालतू जानवार की देखभाल करने का प्रस्ताव रखें। अगर हम जानते है कि हमारा पड़ोसी बीमार है, तो किराने बाजार जाते समय उनसे पूछ ले अगर उन्हें कुछ किराने की जरूरत हो। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ दयालुता का भाव अपनाने का संकल्प करें। भारत माता की मिट्टी में ही दयालुता के बीजों का भंडार है,बस से खोजकर अपनानें की जरूरत।दयालुता हमको यथार्थवादी और अधिक सकारात्मक भी रखता हैं,जो मानवीय जीवन को सफल बनाने का सटीक मंत्र है

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

वैश्विक मंच



शिवप्रकाश

# वैश्विक भूगोल पर नया इतिहास रचते नरेन्द्र मोदी

देश की बागडोर 2014 में संभालने के पश्चात एक दशक वर्ष की अवधि में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को दुनिया के 20 देशों ने अब तक अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। सम्मान देने वाले देशो में अमेरिका,यूरोपीय देश, रूस एवं कैरेबियाई देशों सहित अफगानिस्तान,सऊदी, कुवैत जैसे मुस्लिम देश भी है। भारतीय लोकतंत्र में हुए समस्त प्रधानमंत्री की तुलना में प्रधानमंत्री मोदी जी को सर्वाधिक नागरिक सम्मान मिले हैं, जो भारत एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति विश्व में बढ़ते प्रभाव का परिचायक है। विश्व नेतृत्व का भारत के प्रति यह आदर भाव 10 वर्ष में बढ़ती भारत की साख एवं मोदी जी के मैत्री पूर्ण व्यवहार के कारण है।

अपने देश की सुरक्षा करने में अक्षम,पहले नेतृत्व का आतंक के प्रति भ्रमित दृष्टिकोण एवं दब्बू व्यवहार के कारण हमारे देश की छवि कमजोर देश की बनी थी। अपनी सुरक्षा के लिए हम सदैव दुनिया से गुहार लगाने वाले देश माने जाते थे। भारत के बाहर के देशों में रहने वाले नागरिकों की रक्षा करने में भी हम असमर्थ है ऐसा हमारे आप्रवासी भारतीयों को लगता था इस कारण भारत से जाने वाले सभी नागरिक अपना परिचय भारत के स्थान पर एशिया से है ऐसा कराते थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पंचामृत ( समृधि, सुरक्षा, सम्मान, संवाद, सभ्यता एवं संस्कृति ) के आधार पर विदेश नीति का खाका तैयार किया जिसमें भारतीय हित सर्वोपरि था। उन्होंने कहा कि 'हम किसी के भी साथ न आंख उठा कर बात करेंगे न आंख झुका कर बात करेंगे'। इसी नीति का आवलंबन करते हुए अब तक दुनिया के 6 महाद्वीपों के 59 देशों की यात्रा कर भारत के साथ उन देशों के संबंध बनाने एवं भारतीय हितों को साधने का प्रयास किया है। विश्व जब कोरोना महामारी से ग्रसित था तब प्रत्येक देश के सम्मुख अपने नागरिकों को बचाना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। ऐसे समय में भी जान भी -जहान भी का उद्घोष कर अपने देश के नागरिकों को बचाते हुए कोरोना पीड़ित देशों के सहयोग का संकल्प कर 98 देशो को वैक्सीन मैत्री के अंतर्गत वैक्सीन उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया। जिसमें अपने पड़ोसी देशों भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका,मालदीव सहित ओमान, बहरीन, मॉरीशस , सेशेल्स, निकारागुआ को निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह हमारी संस्कृति के आदर्श वाक्य 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' को ही चरितार्थ करता है। भारत से बाहर अन्य देशों में जाकर रहने वालें प्रवासी भारतीयों का उनके देशों के विकास में योगदान, भारत के विकास में उनकी भूमिका एवं भारतीय संस्कृति के विस्तार में योगदान अतिमहत्वपूर्ण कार्य है। वहां के लोकतांत्रिक प्रणाली में भी वह महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। भारतीय डायस्पोरा के इस महत्व को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने समझा। इस कारण वह दुनिया के जिस देश में गए वहां भारतीय समुदाय को संबोधित कर भारत के साथ जुड़ने का कार्य उन्होंने किया। इस कारण भारतीय समुदाय कि विश्व में प्रभावी आवाज बनी। मानवीय एवं प्राकृतिक अपदाओं के समय प्रवासी भारतीय को सुरक्षित लाने का कार्य जिस कुशलता के साथ भारत ने किया उससे प्रत्येक प्रवासी नागरिक भारतीय होने पर गर्व का अनुभव करता है। भारत की अध्यक्षता में हुई जी-20 समिट के अवसर पर भारतीय संस्कृति का संदेश देने में भारत ने सफलता प्राप्त की। भारत के अलग-अलग शहरों में अलग- अलग विषयों पर समिट करा भारत को विश्व से जोड़ने एवं विश्व प्रतिनिधियों को भारत में जी-20 के अवसर पर मिले आदरपूर्ण व्यवहार ने विश्व को प्रभावित करने का कार्य किया। अफ्रीकी यूनियन के देशों को जी-20 में स्थायी सदस्यता दिलाने का ऐतिहासिक कार्य मोदी जी ने किया। विकास की दौड़ में पिछड़े हुए ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज को मुखर करने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया। पाकिस्तान से आतंकवादी हमला होने पर सर्जिकल स्ट्राइक एवं एयर स्ट्राइक करके हमने विश्व में सक्षम एवं शक्तिशाली देश की छवि बनाने में सफलता प्राप्त की। आतंकवाद अच्छा या बुरा नहीं होता केवल आतंकवाद ही होता है और यह मानवता के लिए खतरा है, यह बात संपूर्ण विश्व को समझाने में प्रधानमंत्री मोदी ने सफलता प्राप्त की है। आतंकवाद को पोषित करने वाले अर्थ तंत्र को विश्व के सम्मुख उजागर करने का कार्य भी प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा हुआ। जिससे आतंकवाद के विपरीत जनमत बनाने एवं आवश्यकता अनुसार कानूनी प्रक्रिया भी प्रारंभ हुई है। वैश्विक समस्याओं जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर पहल एवं भारत की अग्रणी भूमिका, आर्थिक दृष्टि से सक्षम भारत बनाने के लिए आत्मनिर्भरता आदि के कारण भारत की विश्वनीय देश की छवि बनी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का प्रत्येक समस्या पर सकारात्मक एवं शांतिपूर्ण समाधान कारक दृष्टिकोण होने के कारण सभी समस्याओं के समाधान में भारत की भूमिका है यह दुनिया का प्रत्येक नेता मानता है। यूक्रेन-रूस में मोदी ही समझौता करा सकते हैं ऐसा युद्धरत देशों का यह विश्वास इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। हमने विश्व को युद्ध नहीं बुद्ध दिया है, यह मार्ग ही विश्व में शांति ला सकता है। प्रत्येक समस्या का समाधान युद्ध से नहीं संवाद से ही संभव है यह ही प्रधानमंत्री मोदी का संदेश है। पिछले 10 वर्षों में विरासत कि प्रतीक 640 मूल्यवान वस्तुए एवं कलाकृतिओ का भारत में लाना, विश्व को भारत की अमूल्य धरोहर योग को प्रदान करना, सभी के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध एवं विश्वनीय नेता का व्यवहार से विश्व मन को जीतने में हमने सफलता प्राप्त की है। ग़रीब कल्याण की लिए मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी नीतिया, विश्व स्तरीय बनता हमारा ढांचागत विकास, उभरती अर्थव्यवस्था एवं विकसित भारत का हमारा संकल्प इन्हीं सबने प्रधानमंत्री मोदी जी को विश्व के अग्रणी नेताओं की प्रथम पंक्ति में लाकर खड़ा किया है। दुनिया के अलग-अलग देशों से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार उनकी वैश्विक छवि पर सशक्त हस्ताक्षर है। भविष्य का भारत विकास एवं विरासत के आधार पर खड़ा होकर विश्व को आलोकित करेगा यह विश्वास है। **(लेखक राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं)**



शाहीन सबा

निठल्ला चिंतन

# दुनिया झूठ पर ही टिकी है

दुनिया झूठ बोलने को लेकर इतने खफा खफा क्यों रहती है। जबकि झूठ इस दुनिया का सबसे खूबसूरत सच है। झूठ इस झूठी दुनिया का रोशन चेहरा है । बिना इसके एक इंच भी न सरकती दुनिया। झूठ को हर धर्म से जोड़कर उसे महापाप माना गया है। सच के पीछे पागल हुई दुनिया ये भी जानती है कि सच है तभी तो झूठ होगा। पौराणिक काल से दुनिया को ये बताया जा रहा है कि झूठ मत बोलो, लेकिन दुनिया इस बात पर आज तक सहमत नहीं हुई। हजारों साल से झूठ बोल रही है। देखा जाए तो वास्तव में झूठ बोलने में जो आनंद है उसका अपना ही मजा है। झूठ तब और मजेदार हो जाता है जब सच सबको पता हो । एक दूसरे को झूठा साबित करती हुई सच और झूठ की लड़ाई ने ही किसी तीसरे को जन्म दिया इसी ने अदालतें बनाई है, अगर झूठ नहीं होता तो दुनिया में न्याय नाम की चीज ही न होती और,बहुत बड़ी संख्या में लोग परेशान ही नहीं होते। सभी लोग झूठ से बहुत नफरत करते है लेकिन ये नफरत दूसरे के झूठ से है। खुद के बोले गए झूठ को वह झूठ ही नहीं मानते। झूठ को लेकर समाज में कई तरफ की अफवाह रहती है। लोग कहते है अरे अमूक झूठ बहुत बोलता है। मतलब उनको शिकायत झूठ बोलने से नहीं है उनको शिकायत है ,ज्यादा झूठ बोलने से। हमारे समाज में कम झूठ को आटे में नमक के समान बोला गया है, पच जाने लायक। क्या झूठ बोलना ईश्वरीय कार्य है। मै तो कहता हूं वाकई ये ईश्वरीय कार्य है।ये देवताओं का वरदान है मनुष्य को मिला है,,क्यों कि मनुष्य झूठ ही अकेला झूठ बोलता है । जानवर बोलते नहीं है,देवता हमने देखे नहीं है। मुझे लगता है कि झूठ बोलना या आपसे बुलवाना आप नहीं करते ये तो ईश्वर की इच्छा से ही होता है।कई बार आप न चाहकर भी झूठ बोलते है, आप उस समय बड़े ही धर्म संकट में फंस जाते है। उदाहरण के तौर को देखे तो एक मेरा मित्र है वह चार लोगों के बीच अचानक ही कह देगा कि आज उसने एक बाजार में अस्सी फीट का एक हाथी देखा। फिर मेरी तरफ इशारा करके कह देगा कि विश्वास न हो तो इस से पूछ लो।

अब आपके समक्ष धर्म संकट हो गया। अगर आपने कहा नहीं देखा, तो दोस्त की इज्जत का सवाल है, उसको झूठा साबित नहीं कर सकते। इधर आप कह दे हां देखा है तो आपके मुंह से झूठ निकल गया। बड़े ही असमंजस ही स्थिति में मन ही मन ही ईश्वर से क्षमा मांगते हुए कहना पड़ता है, हां ये बात सही है। तब लगता है कि झूठ हम नहीं बोलते, ईश्वर ही बुलवाते है। दोस्ती ईश्वर का दिया वरदान है,उस वरदान को बनाए रखना ईश्वर का कार्य हुआ ना। झूठ वास्तव में झूठ नहीं है, ये विश्वास दिलाने के भी कई चीजों का सहारा लेना पड़ता है जैसे कोई बीड़ी पीने वाला कहेगा, जलती हुई बीड़ी को लेकर भाई ये अग्नि हाथ में है।कोई पानी का गिलास लेकर कहता है ये जल हाथ में है, चाय पीने वाला भी पीछे नहीं रहता वह भी कह देता है,, कि ये हाथ में रत्न है।डूबते सूरज से दिन ढलते हुए कई प्रकार के दृश्य को साक्ष्य के रूप में माना जाता है।धर्म में शराब और झूठ दोनों ही निषेध हैं और शराब अंदर जाते ही झूठ बाहर आना बंद हो जाता है ये भी सही है। पूर्व में कहा जाता था कि राजा सत्य के साथ रहते थे, इसलिए उनके राज्य प्रजा सुखी होती थी, अब अगर राजा और प्रजा दोनों सच बोलने लगे तो सुखी रह ही नहीं पाएंगे। झूठ बोलने से घर में शांति रहती है ,आप सत्य बोल कर घर में रह ही नहीं सकते क्या आपके पास इन प्रश्न का जवाब हो सकता है सच में बताओ मैं कैसी लग रही हूं,,ये शाश्वत प्रश्न के उत्तर में आपको झूठ बोलना ही पड़ेगा।



डॉ. विनोद मिश्रा

मां नर्मदा जयंती आज

# मां नर्मदा के दर्शन मात्र से पुण्य प्राप्ति संभव

मां नर्मदा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए ऋषि मार्कण्डेय ने कहा कि देवी समस्त ऋषि, देवताओं एवं महर्षियों की ओर से आपको नमस्कार। आपने समस्त परस्पर जगत समेत मृत्युलोक को पवित्र एवं पुष्पमय कर दिया है। जल के रूप में प्राप्त हुई नर्मदा जी, भगवान महादेव की सर्वोत्तम चामुण्डा है। मेकल पर्वत से प्रगट होने के कारण आप मेकलसुता (कन्या) कहलाई। मां आपको बारम्बार नमस्कार है। ऋषि अगस्त्य ने मॉ की महिमा को प्रतिपादित करते हुए कहा कि एकमात्र मां नर्मदा देवी पुण्यमयी एवं शुभ जम्बूदीप एक लाख योजन बताया गया है। इसमें जितने भी चराचर प्राणी हैं। वे नर्मदा का जल पीकर शिवलोक को जाते हैं। मां नर्मदा के मूल्य को प्रतिपादित करते हुए कहा गया है कि

**समुद्राः सरितः सर्वाः कल्पे अयं गताः।**
**सप्त कल्पक्षये क्षीणे न मृता तेन नर्मदा।।**


**अर्थात**-जब प्रलयकाल को समस्त सागर एवं सरिताएं क्षीण होकर नष्ट हो गई। तब साल कल्पतम मां रेवा आप शाश्वत बनी हैं। इसलिए आपका नाम नर्मदा पड़ा है।

मां नर्मदा का प्रागट्य माघ शुक्ल सप्तमी, अश्विन नक्षत्र, दिन रविवार को मकर राशिगत सूर्य रहते हुए मध्याह्न काल में इस पृथ्वी पर हुआ। मां नर्मदा के संबंध में कहा गया है कि सरस्वती में 3 दिन तक, यमुना में 7 दिन तक, गंगा में एक दिन स्नान करने से जो पुण्य लाभ मिलता है। वह पुण्य लाभ मां नर्मदा के मात्र दर्शन मात्र से हो जाता है। एक अन्य श्लोक में मां नर्मदा के महत्व को विशिष्ट रूप से परिभाषित किया गया है कि

**गंगा कनखले पुण्या प्राच्यां पुण्या सरस्वती।**
**याम्मे गोदावरी पुण्या, पुण्या सर्वत्र नर्मदा।।**

**अर्थात**-गंगा हरिद्वार में पुण्य देने वाली, परिचय में मां सरस्वती जी, दक्षिण में गोदावरी पुण्यमयी हैं तो मां नर्मदा समस्त स्थानों में पुण्यमयी एवं पूजनीय हैं।

मां नर्मदा व्यक्ति को आनंद भी देती हैं तथा व्यक्ति के मद का (अहंकार) का शमन भी करती हैं। इसलिए इन्हें रेवा (नर्मदा ) कहा जाता है।





**मां नर्मदा की उत्पत्ति** - मां नर्मदा की उत्पत्ति के संबंध में विभिन्न पुरानी एवं चर्चित कथाओं में एकरूपता नहीं है। लेकिन जो इस संबंध में विभिन्न श्रुतियां दी गई हैं। वे निम्नानुसार हैं -1 एक बार महाराजा युधिष्ठिर ने मार्कण्डेय ऋषि से पूछा कि भगवन्। राजा पुरूवा से पहले महाराज हिरण्यतेजा ने कैसे मां नर्मदा को पृथ्वी पर उतारा। तब मार्कण्डेय ऋषि ने कहा कि राजन चन्द्रवंश में एक अत्यन्त प्रतापी एवं तेजस्वी राजा हिरण्यतेजा थे। उनके राज्य में सभी प्रसन्न एवं सुखी थे। एक बार उनके राज्य में सूर्यग्रहण पड़ा। उन्होंने उस समय हजारों लाखों व्यक्तियों गाय, सुवर्ण, मणि समेत अन्न इत्यादि दान किया। लेकिन पितर इससे संतुष्ट नहीं हुए तो राजा ने पितरों से उनकी अप्रसन्नता पर प्रश्न किया तो पितरों ने कहा कि राजन आपके राज्य में बावी, कुएं, सरोवर तो है लेकिन कोई नदी नहीं है। अतः हम संतुष्ट नहीं है तब राजा ने भगवान शिव की तपस्या की तथा उनसे मां नर्मदा को जम्बूद्वीप में लाने का वर मांगा। तब मां नर्मदा को प्रादुर्भाव हुआ तथा पितर संतुष्ट हो स्वर्ग में गए। 2- मां नर्मदा की उत्पत्ति संबंधी दूसरी अवधारणा यह है कि एक बार भगवान शिव तांडव कर रहे थें तब उनके शरीर से स्वेद बिंदुओं (पसीने) की धार निकली जो एक तालाब में परिवर्तित हो गई उस कुंड से एक बालिका जो अत्यन्त सुन्दर एवं श्वेत वस्त्र धारण किए थी, प्रगट हुई। भगवान ने उस कन्या का नाम नर्मदा दिया एवं उसे मृत्युलोक में जाने एवं कल्याण का आदेश दिया। 3- एक अन्य अवधारणा यह भी कही जाती है कि एक बार ब्रह्मा जी तपस्या में लीन थे तभी उनके आंखों से 2 आंसू गिरे। जिनमें से एक आंसू से मां नर्मदा तथा दूसरे आंसू से शौणभद की उत्पत्ति हुई। 4- एक बार समस्त देवता एकत्रित हुए तथा भगवान विष्णु के पास गए तथा कहा कि भगवन् कभी-कभी हम भी धर्म विरूद्ध एवं हिंसक हो जाते हैं। हमें भी हिंसक, दुष्ट असुरों का वध करना पड़ता है। सो इसका पाप भी हमें लगता है तो हमें पवित्र होने के लिए क्या उपाय करना चाहिए। तब भगवान विष्णु ने कहा कि हम सभी भगवान शंकर के पास जाते हैं वे हमें अवश्य निश्चित उपाय बतलाएंगे? तब वे सभी भगवान शंकर के पास गए तथा भगवान की निरंतर स्तुति की। उनकी स्तुति से भगवान शिव प्रसन्न हुए तथा उनके मस्तक से एक बूंद पृथ्वी पर गिरी। उससे एक अत्यन्त सुन्दर कन्या प्रगट हुई। उस तेजपुंज कन्या के सामने सभी नतमस्तक हुए। **(लेखक मप्र के सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय में कुलगुरु हैं)**

विश्व विजेता गुकेश को टाइब्रेकर में 2-1 से हराया

# प्रज्ञानंद ने जीता टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट का खिताब

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां विश्व चैंपियन डी गुकेश को टाईब्रेकर में 2-1 से हराकर टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। इससे पूर्व दोनों भारतीय खिलाड़ी अंतिम दिन अपनी बाजियां हार गए थे लेकिन दोनों के बीच खिताब के लिए टाईब्रेकर मुकाबला हुआ। दोनों के एकसमान साढ़े आठ अंक थे। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को पी हरिकृष्णा ने ड्रॉ पर रोककर उन्हें पूरे अंक हासिल करने से रोक लिया था। गुकेश को अंतिम दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जो विश्व चैंपियन बनने के बाद उनकी पहली हार थी जबकि प्रज्ञानंद को विन्सेंट कीमेर के खिलाफ हार मिली थी। अंतिम राउंड में दोनों खिलाड़ियों की हार से 2013 के कैंडिडेट टूर्नामेंट की याद ताजा हो गई जिसमें नॉर्वे के कार्लसन और रूस के व्लादिमीर क्रैमनिक बढ़त पर थे और हार गए थे।





### हार के बाद गुकेश दिखे निराश

प्रज्ञानंद से मैच हारने के बाद गुकेश निराश हो गए थे। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह नाखुश दिख रहे हैं और मुंह को हाथ से छुपाते दिख रहे हैं। इतना ही नहीं वह भावुक भी दिखे और उनकी आंखों से आंसू निकले।

### आनंद के बाद दूसरे भारतीय

प्रज्ञानंद टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने यह ट्रॉफी पांच बार जीती है।

### धैर्य से मिली सफलता

टाईब्रेकर के बाद सडन डेथ की स्थिति आ गई। कड़े मुकाबले के बीच गुकेश नियंत्रण खो बैठे और अपना घोड़ा गंवा दिया। उसके बाद प्रज्ञानंद ने धैर्य बरतते सही तकनीक दिखाते हुए अंक बटोर लिया और पहली बार टाटा स्टील मास्टर्स में शानदार जीत हासिल कर ली।


# ट्रैविस हेड ने जीता ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट का सबसे बड़ा अवॉर्ड

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

टीम इंडिया को पिछले कुछ सालों में जिस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा परेशान किया है, वो है ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रेविस हेड। 2023 वर्ल्ड कप फाइनल हो या 2023 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल। इन दोनों ही फाइनल मुकाबलों में ट्रेविस हेड ने भारत के खिलाफ शानदार पारी खेली और दोनों ही बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड अपने नाम किया। हाल ही में खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी हेड ने भारत के खिलाफ कमाल का प्रदर्शन किया। यही वजह है कि ट्रेविस हेड को ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट अवॉर्ड्स में सबसे बड़े मेडल से नवाजा गया है।

हेड ने पैट कमिंस और जोश हेजलवुड जैसे स्टार खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए एलन बॉर्डर मेडल जीता। हेड को 208 वोट मिले जबकि जोश हेजलवुड को 158 वोट मिले। वहीं, पैट कमिंस 147 वोट ही हासिल कर सके। हालांकि जोश हेजलवुड शेन वार्न मेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीतने में सफल रहे जीता, जबकि ट्रेविस हेड मेन्स वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर बने और एडम जम्पा ने मेन्स टी20आई अवॉर्ड अपने नाम किया।



## सदरलैंड ने जीता बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया की धाकड़ महिला ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड ने बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड जीता। एनाबेल ने साल 2024 में सभी फॉर्मेट में 46.94 की औसत से 798 रन बनाए और 20.82 की औसत से 34 विकेट झटके। बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड की रेस में दूसरे स्थान पर रहीं एशले गार्डनर को 143 वोट मिले, जबकि बेथ मूनी 115 वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट अवॉर्ड के विजेता

- बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड - एनाबेल सदरलैंड
- एलन बॉर्डर मेडल - ट्रेविस हेड
- महिला वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर - एश्ले गार्डनर
- महिला टी20आई प्लेयर ऑफ द ईयर - बेथ मूनी
- शेन वॉर्न पुरुष टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर - जोश हेजलवुड
- पुरुष वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर - ट्रैविस हेड
- पुरुष टी20आई प्लेयर ऑफ द ईयर - एडम जाम्पा







# डब्ल्यूपीएल : यूपी वॉरियर्स में एलिसा हीली, आरसीबी में हीथर ग्रैम और किम गार्थ शामिल

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

वड़ोदरा में 14 फरवरी से शुरू होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए विभिन्न फ्रेंचाइजी ने चोटिल खिलाड़ियों की जगह नए सदस्यों को अपनी-अपनी टीमों में जगह दी हैं।

यूपी वॉरियर्स ने चोट के कारण महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से बाहर हुई एलिसा हीली की जगह टीम में वेस्टइंडीज की बल्लेबाज शिनेल हेनरी को शामिल किया हैं। इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने हीथर ग्रैम और किम गार्थ को क्रमशः सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह अपनी टीम में जगह दी है।

हेनरी वेस्टइंडीज की मध्यक्रम की बल्लेबाज और तेज गेंदबाज हैं और वह पहली बार डब्ल्यूपीएल में हिस्सा लेंगी। उन्होंने 62 टी-20 में 473 रन बनाने के साथ-साथ 22 विकेट भी लिए। 49 एकदिवसीय में उन्होंने 559 रन और 32 विकेट भी लिए हैं। वहीं गार्थ इससे पहले गुजरात जायंट्स के लिए खेल चुकी हैं और वह हाल ही में ऐशेज में भी तीनों प्रारूपों में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थी। उन्होंने 59 टी-20 में 764 रनों के साथ-साथ 49 विकेट भी लिये हैं। ग्रैम मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले एक एकदिवसीय मैच खेला और पांच टी-20 मैच में आठ विकेट लिये हैं। इंग्लैंड की स्पिनर चार्ली डीन को हाल ही में आरसीबी ने सोफी मोलिन्यू की जगह टीम में शामिल किया था। उल्लेखनीय है कि हीली पैर की मांसपेशियों में खिंचाव, क्रॉस पीठ की चोट से नहीं उबर पाने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वहीं डिवाइन ने क्रिकेट से ब्रेक लिया है।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग के टिकट मिलेंगे निःशुल्क- हॉकी इंडिया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने खेल के समावेशी, प्रशंसक-अनुकूल वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता के तहत 15 से 25 फरवरी तक होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के सभी पुरुष और महिला वर्ग के मैचों के लिए निःशुल्क टिकट की घोषणा की हैं।

इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, हमें भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग की मेजबानी करने पर गर्व है, एक ऐसा शहर जो विश्व स्तरीय हॉकी का पर्याय बन गया है। मुफ्त टिकट की पेशकश करके, हम स्टेडियम में एक रोमांचक माहौल बनाने की उम्मीद करते हैं। यह ओडिशा और भारत के लिए वैश्विक मंच पर हॉकी के प्रति अपने जुनून को दिखाने का एक विशेष अवसर है। हॉकी इंडिया की घोषणा के अनुसार प्रशंसक को वर्चुअल टिकट प्राप्त करने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटटिकटजेनीड ऍटइन पर अपना विवरण दर्ज कराना होगा। इस ऑनलाइन प्रणाली के तहत टिकट खरीदने पर भुगतान की कोई आवश्यकता नहीं होगी।




### ये टीमें लेंगी भाग

एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण में इंग्लैंड, स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और भारत की शीर्ष पुरुष टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। जबकि जर्मनी, इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और भारत की महिला टीमें भी भिड़ेंगी। टूर्नामेंट के इस चरण के दौरान प्रत्येक टीम दो बार आपस में भिड़ेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम 15 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ मैच के साथ अपने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम उसी दिन टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में स्पेन से भिड़ेगी।

# विश्वकप विजेता अंडर-19 महिला टीम को मिलेगा का पांच करोड़ का पुरस्कार

**एजेंसी ■ मुंबई**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारत की अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

बीसीसीआई ने टूर्नामेंट में भारतीय टीम के असाधारण प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है। इसी के साथ टीम की मुख्य नूशिन अल खादीर के साथ-साथ उनके सहयोगी स्टाफ की भी सराहना की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, अंडर-19 महिला विश्वकप को बरकरार रखने के लिए हमारी लड़कियों को बधाई। उनका अजेय अभियान भारत में महिला क्रिकेट के विकास को दर्शाता है। यह ट्रॉफी हम सभी के लिए गर्व का क्षण है और मैं हर सदस्य को चमकते हुए देखकर प्रसन्न हूं। इस अवसर पर बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा,यह जीत उनके समर्पण, दृढ़ता और कौशल को दर्शाती है। यह भारत के जमीनी स्तर के क्रिकेट की ताकत और देश में महिला क्रिकेट के उवल भविष्य को उजागर करती है।

बांग्लादेश टी20 लीग में ड्रामा

# सैलरी नहीं देने पर बस ड्राइवर ने जब्त की खिलाड़ियों की किट

**एजेंसी ■ ढाका**

बांग्लादेश प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दरबार राजशाही क्रिकेट की दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि फ्रेंचाइजी को अभी तक अपने विदेशी खिलाड़ियों और स्टाफ मेंबर्स की फीस नहीं दी है। राजशाही के मालिक शफीक रहमान ने पहले घोषणा की थी कि विदेशी क्रिकेटरों के अपने-अपने देशों में लौटने के लिए टिकट बुक किए गए हैं। हालांकि, बकाए का भुगतान नहीं होने के कारण कई बड़े नाम ढाका के टीम होटल में फंसे हुए हैं।

**खिलाड़ियों को नहीं मिली पूरी सैलरी :** क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी खिलाड़ियों ने अपने भुगतान के लिए टीम प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मोहम्मद हारिस (पाकिस्तान), आफताब आलम (अफगानिस्तान), मार्क दयाल (वेस्टइंडीज), रेयान बर्ल (जिम्बाब्वे) और मिगुएल कमिंस (वेस्टइंडीज) सभी अपने भुगतान के कुछ हिस्से का इंतजार कर रहे हैं।

**बस ड्राइवर ने किट बस के अंदर बंद किया :** रिपोर्ट के मुताबिक, टीम मालिकों ने भुगतान करने का वादा किया था, लेकिन दरबार राजशाही शिविर के कई स्थानीय क्रिकेटर बिना भुगतान किए होटल के कमरे से चेक आउट हो गए। यह मामला तब बदतर हो गया जब दरबार राजशाही फ्रेंचाइजी और उसके खिलाड़ी एक और परेशानी में फंस गए। फ्रेंचाइजी ने अभी तक अपने बस चालक को सैलरी नहीं दे सकी है, जो पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों और स्टाफ को देश भर के स्टेडियम का दौरा करा रहा था।

**ड्राइवर ने कहा- किट तब देंगे जब सैलरी मिलेगी :** फ्रेंचाइजी को अपनी गलती का अहसास कराने के लिए बस ड्राइवर ने राजशाही के सभी खिलाड़ियों के किट बैग और सामान को बस के अंदर लॉक कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों को उनके बकाए की मंजूरी के बाद ही उनके किट बैग वापस मिलेंगे। उन्होंने कहा, यह अफसोस और शर्म की बात है। अगर फ्रेंचाइजी ने हमें भुगतान किया होता, तो हम खिलाड़ियों को किट बैग वापस कर देते।राजशाही के बस चालक मोहम्मद बाबुल ने टीम होटल के सामने कहा, अब तक मैंने अपना मुंह नहीं खोला है, लेकिन अब मैं कह रहा हूं कि अगर वे हमारा भुगतान कर दें तो हम जा सकते हैं।

राष्ट्रीय खेल : वेटलिफ्टिंग में अंतिम दिन टूटे रिकॉर्ड

# पुरुष स्क्वैश में सेंथिल व महिलाओं में आकांक्षा ने जीता स्वर्ण





**एजेंसी ■ देहरादून**

38वें राष्ट्रीय खेलों में स्क्वैश प्रतियोगिता में तमिलनाडु के वेलावन सेंथिल कु मार और गोवा की आकांक्षा सालुंखे ने क्रमशः पुरुष और महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में चैंपियन बनकर उभरे हैं। दोनों ने स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप हासिल की।

सोमवार को स्क्वैश प्रतियोगिता रोमांचक मैचों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सम्पन्न हुई क्योंकि तमिलनाडु, महाराष्ट्र तथा गोवा ने पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिलाओं के फाइनल में आकांक्षा सालुंखे (गोवा) ने अंजलि सेमवाल (महाराष्ट्र) को सीधे सेटों 11-6, 11-9, 11-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंजलि ने रजत हासिल किया, जबकि तमिलनाडु की पूजा आरती आर और रथिका सीलन ने सेमीफाइनल में अपने प्रदर्शन के बाद कांस्य साझा किया। जबकि, पुरुषों के फाइनल में तमिलनाडु के वेलावन सेंथिल कुमार ने महाराष्ट्र के राहुल बैठा पर 11-6, 11-9, 11-7 की शानदार जीत के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। राहुल ने रजत के लिए समझौता किया, जबकि अभय सिंह (तमिलनाडु) और सूरज चंद (महाराष्ट्र) ने कांस्य पदक अर्जित किए।

इससे पहले फाइनल में पहुंचने से पहले हुए सेमी फाइनल में आकांक्षा सालुंखे (गोवा) ने पूजा आरती आर (तमिलनाडु) को पिछड़कर जीत दर्ज की, जबकि अंजलि सेमवाल (महाराष्ट्र) ने रथिका सीलन (तमिलनाडु) को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। जबकि पुरुषों के सेमीफाइनल में अभय सिंह (तमिलनाडु) के चोट के कारण रिटायर होने के बाद राहुल बैठा (महाराष्ट्र) फाइनल में पहुंचे और कांस्य पदक से संतोष किया। दूसरे मैच में वेलावन सेंथिल कुमार (तमिलनाडु) ने सूरज चंद (महाराष्ट्र) को पछाड़कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### वेटलिफ्टिंग में मेहक शर्मा का शानदार प्रदर्शन



38वें राष्ट्रीय खेल के वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन सोमवार को कई रिकॉर्ड टूटे और पंजाब की मेहक शर्मा ने महिला श्रेणी में तीन नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। महिला 87+ किलोग्राम श्रेणी में प्रतियोगिता में भाग लेते हुए, मेहक ने अपने अंतिम क्लीन एंड जर्क प्रयास में 141 किलोग्राम वजन उठाया, जो उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 140 किलोग्राम से भी अधिक था। मेहक ने 247 किलोग्राम वजन उठाया, जो उनके पिछले रिकॉर्ड 244 किलोग्राम से 3 किलोग्राम अधिक था। अब मेहक शर्मा अपने श्रेणी में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल वजन उठाने के सभी रिकॉर्डों की मालिक हैं। महिला श्रेणी में रजत पदक उत्तर प्रदेश की पूनम पांडे ने 216 किलोग्राम वजन उठाकर प्राप्त किया, जबकि कांस्य पदक कर्नाटका की सत्य ज्योति ने 201 किलोग्राम वजन उठाकर हासिल किया।

### तमिलनाडु के एस. रुद्रमायण ने जीती रजत पदक

पुरुष श्रेणी में दिन की पहली प्रतियोगिता में तमिलनाडु के एस. रुद्रमायण ने स्नैच में 175 किलोग्राम वजन उठाकर नया रिकॉर्ड स्थापित किया। हालांकि, वह क्लीन एंड जर्क में अपनी फॉर्म को बरकरार नहीं रख पाए और 180 किलोग्राम वजन उठाकर 355 किलोग्राम के कुल वजन के साथ रजत पदक प्राप्त किया। स्वर्ण पदक सर्विसेज के लवप्रीत सिंह ने 165 किलोग्राम स्नैच और 202 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क वजन उठाकर 367 किलोग्राम का कुल वजन उठाया। उत्तराखंड के विवेक पांडे ने राज्य की उपलब्धियों में योगदान करते हुए 280 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।



# सिफ्त कौर और जोनाथन एंथनी ने शूटिंग में जीता स्वर्ण पदक

उत्तराखंड के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज त्रिशूल हॉल में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में सोमवार को पंजाब की सिफ्त कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 50 मीटर 3 पोजीशन इवेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पंजाब की ही अंजुम मौदगिल ने रजत पदक जीता जबकि तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रपोले ने कांस्य पदक हासिल किया।

इस कड़े मुकाबले में भारत की शीर्ष निशानेबाजों ने भाग लिया। केरल की विदर्शा विनोद ने नील पोजीशन के बाद बढ़त बना ली थी, लेकिन अंत तक उसे बरकरार नहीं रख सकीं। सिफ़्त कौर सामरा ने 461.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया, जबकि अंजुम मौदगिल ने 458.7 के स्कोर के साथ रजत पदक और सुरभि भारद्वाज रपोले ने 448.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कर्नाटक के जोनाथन एंथनी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सर्विसेज के रविंदर सिंह ने रजत और सर्विसेज के ही गुरप्रीत सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अपनी जीत के बाद जोनाथन एंथनी ने कहा,मुझे खुशी है कि मैंने यह फाइनल जीता। फाइनल में सभी खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और बेहतरीन निशानेबाज हैं। उनके बीच स्वर्ण पदक जीतना वाकई गर्व की बात है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)